26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 23 फरवरी, 2026

अंक- 121 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## सिंगापुर पहुंचे योगी आदित्यनाथ, निवेशकों से की मुलाकात



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भगवा वस्त्रों में सिंगापुर पहुंचे। दौरे के पहले दिन आज उन्होंने कई विदेशी निवेशकों और कॉरपोरेट प्रतिनिधियों के साथ बैठकें कीं। साथ ही यूपी में निवेश की संभावनाओं, औद्योगिक सहयोग और दीर्घकालिक साझेदारी के विविध आयामों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सिंगापुर की अग्रणी निवेश कंपनी टेमासेक होल्डिंग्स के चेयरमैन टियो ची हीन और उनकी टीम से भी मुलाकात की। टेमासेक के वैश्विक निवेश पोर्टफोलियो और यूपी में निवेश पर चर्चा की। साथ ही टेमासेक को यूपी में अवसंरचना, लॉजिस्टिक्स, स्वास्थ्य, वेयरहाउसिंग, फिनटेक आधारित शहरी विकास व अन्य सम्बद्ध क्षेत्रों में निवेश के लिए आर्मंत्रित किया। इस दौरान टेमासेक की पोर्टफोलियो कंपनी मनिपाल हॉस्पिटल्स द्वारा गाजियाबाद में लगभग 500 करोड़ रुपये के निवेश तथा असेंडास द्वारा राज्य में लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग सुविधाओं के विकास हेतु करीब 500 करोड़ रुपये के निवेश से संबंधित जानकारी भी साझा की गई।

शायर, लेखक एवं समाजसेवा में ख़ास मुकाम रखने वाले

**मरहूम अब्दुल रहीम वफा**

के ख़्वाब को पूरा करने की ओर बढ़ते क़दम...

**इलाही बख्श पब्लिक स्कूल, अफ़ज़लगढ़**

को CBSE दिल्ली से मान्यता मिलने पर

वफ़ा फैमिली, स्कूल मैनेजमेंट, स्टाफ एवं स्टूडेन्ट्स को दिली मुबारकबाद



सत्यप्रकाश पवार
रिटायर्ड हेड क्लर्क
न.पा.परि. अफजलगढ़
प्रमुख समाजसेवी



रमेश सिंह राहसिया
प्रधान जी
फाउण्डर सन्त शिरोमणि
गुरु रविदास विचार मंच



शमीम अहमद गुल
शिक्षक शायर
लेखक व समाजसेवी



मुस्तकीम मलिक
ग्राम प्रधान
गोवर्धनपुर नाबका
वि.ख. अफजलगढ़



मौ. मुख्तार उर्फ छोटे
ग्राम प्रधान
हीरापुर गोकल
गढ़वावाला



डॉ. मौ. शाहिद
सभासद
वार्ड नं. 12 न.पा.परि.
अफजलगढ़



तसव्वर कुरैशी
ग्राम प्रधान पति
फजलाबाद परमानंदपुर, मानियावाला



शेख मौ. वली
खेल कोच



सीताराम पिपलया
एडवोकेट
फाउण्डर मां रमाबाई



रफीक अहमद
मनोहरवाली



शादाब शमीम
रेहड़



रमेश चंद सैनी एड.
भज्जावाला अफजलगढ़

# एक्स पर दिखा शिक्षकों का दम, विरोध नहीं होगा कम

## टेट की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने आंदोलन किया तेज

**बिजनौर (चिंगारी)।** टीचर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेशचंद्र शर्मा के आह्वान पर देशभर के शिक्षकों ने एक्स पर टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में जमकर ट्वीट किए। देशभर में आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया है। आज से शिक्षकों ने हाथ की बाह पर काली पट्टी बांधकर टीईटी का विरोध करना शुरू कर दिया है। 26 फरवरी को जिले के शिक्षक जिला मुख्यालय पर पैदल मार्च करेंगे। टेट की अनिवार्यता के खिलाफ परिषदीय स्कूलों के शिक्षक आंदोलनरत हैं। रविवार को शिक्षकों ने एक्स पर जस्टिस फॉर टीचर्स को जमकर ट्वीट किया। इतना ही नहीं, शिक्षकों ने फेसबुक व इंस्टाग्राम पर भी टेट की अनिवार्यता के खिलाफ विरोध जताया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ तथा महिला शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने खूब ट्वीट किए। उत्तर प्राथमिक शिक्षा संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान ने बताया कि टेट की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक 23 से 25 फरवरी तक हाथ की बांह पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे तथा विरोध जताएंगे। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को जिले के शिक्षक दोपहर 3 बजे बीएसए कार्यालय पर इकट्ठा होकर कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च करेंगे। सोमवार को सुबह से ही शिक्षकों ने हाथ की बाह पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करना शुरू कर दिया। संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया कि टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षक टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले एकजुट होकर आंदोलन को तेज करने में जुटे हैं। दूसरी और जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार यादव तथा जिला मंत्री राहुल कुमार राठी ने जिले के सभी विकास क्षेत्र के कार्य समितियों से प्रस्तावित कार्यक्रम में सहयोग करने का आह्वान किया है। रविवार को एक्स पर शिक्षकों द्वारा किए गए ट्वीट से शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी गदगद हैं। शिक्षकों का कहना है कि जब तक टेट की अनिवार्यता समाप्त नहीं होती शिक्षक संगठन आंदोलन को जारी रखेंगे। दूसरी ओर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ विकास क्षेत्र मोहम्मदपुर देवमल के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी व ब्लॉक मंत्री धर्म सिंह ने शिक्षकों से 26 फरवरी को प्रस्तावित पैदल मार्च में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है।



# विधिक साक्षरता व जनकल्याण योजनाओं पर मेगा शिविर का आयोजन



**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर द्वारा निर्धन वर्ग, दिव्यांगजन, महिलाएं, बच्चे, श्रमिक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग हेतु सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने एवं विधिक साक्षरता एवं जागरूकता के उद्देश्य से रविवार को आर.जे.पी. इंटर कॉलेज, बिजनौर में वृहद मेगा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भारतीय डाक विभाग ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए सुकन्या समृद्धि योजना, डाक जीवन बीमा योजनाएं, जनसुरक्षा योजनाएं, डाकघर बचत योजनाएं, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक सहित अन्य सेवाओं की विस्तृत जानकारी आमजन को प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की गरिमामयी उपस्थिति में मायरा, मन्नत एवं एज़ल को सम्मानित किया गया। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले-हर्षित काकरान को भी सम्मानित किया गया। जनसामान्य तक विभागीय सेवाओं का लाभ पहुंचाने हेतु डाक अधीक्षक धर्मेश गगनेजा के निर्देशन में गठित टीम में नोडल अधिकारी सहायक अधीक्षक धामपुर राजबहादुर सिंह, जनसंपर्क निरीक्षक मोहम्मद आसिफ, डेवलपमेंट ऑफिसर आनंद कुमार, कार्यवाहक आईपीपीबी मैनेजर रौशन, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव योगेश कुमार, कार्यालय सहायक (बचत बैंक) निर्भान सिंह, कार्यालय सहायक (बिजनेस डेवलपमेंट) नरेश कुमार, कार्यालय सहायक (पीएलआई) नीरज शर्मा एवं सोमेश सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# होम्योपैथी वर्तमान युग में अत्यंत महत्वपूर्ण: स्वाति वीरा



**बिजनौर (चिंगारी)।** ग्राम आदोपुर मार्ग पर सेल्स टैक्स कार्यालय के निकट प्रगति विहार में प्रकाशी होम्योपैथिक क्लीनिक का उद्घाटन स्वाति वीरा महाजन ने फीता काटकर किया। आरजेपी इंटर कॉलेज में वाणिज्य प्रवक्ता सुभाष राजपूत की बेटी भावना राजपूत ने होम्योपैथी में डिग्री कोर्स पूर्ण कर यहां अपना क्लीनिक खोला है। डॉ.भावना राजपूत ने बताया कि उन्होंने सेंट मैरी बिजनौर से इंटर की परीक्षा पास करने के बाद गवर्नमेंट होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज गोमतीनगर लखनऊ से डिग्री कोर्स बीएचएमएस पूर्ण किया है। उद्घाटन से पूर्व पंडित गिरीशचंद्र कालरा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन कराया। उद्घाटन समारोह में डॉ. सुनील राजपूत, डॉ. सुरेश तोमर, देवेंद्र राजपूत, अमल राजपूत, आरजेपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बिशनलाल, गय्यूर आसिफ, सुधांशु कुमार, सुधीर राजपूत, बृजेश राजपूत, एसपी गंगवार, चंद्रहास, विनोद यादव, जयप्रकाश, करणवीर सिंह, अतुल रस्तोगी आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



# चुनाव आयोग 27 साल बाद राज्यों के चुनाव आयोगों के साथ गोलमेज सम्मेलन करेगा

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** चुनाव आयोग 24 फरवरी को राजधानी के भारत मंडपम में आयोग और राज्य चुनाव अधिकारियों का एक गोलमेज सम्मेलन बुलाएगा जिसकी अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार करेंगे। इस सम्मेलन में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी उपस्थित रहेंगे। चुनाव आयोग ने कहा कि यह सम्मेलन 27 साल के बाद हो रहा है। पिछली बार इसकी बैठक 1999 में हुई थी। एक आधिकारिक प्रेस नोट के मुताबिक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य चुनाव अधिकारी अपने कानूनी और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) भी इसमें भाग लेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य चुनाव आयोग और राज्य चुनाव कार्यालयों के बीच अपने-अपने कानूनी ढांचे के अंदर चुनावी प्रक्रिया का प्रबंध करने में अधिक तालमेल बनाना है। इस चर्चा से विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच मिलने की उम्मीद है। सम्मेलन के दौरान चर्चा प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और मतदाता सूची को साझा करने के साथ-साथ चुनावी प्रक्रिया को और मजबूत करने के उपायों पर फोकस होगी। आयोग के वरिष्ठ अधिकारी हाल ही में लॉच हुए ईसीआईएनईटी डिजिटल प्लेटफॉर्म सहित मुख्य प्रौद्योगिकीय और परिचालन पहलों पर प्रस्तुति देंगे। उम्मीद है कि यह मंच चुनावी सेवाओं को आसान बनाने में एक बड़ा बदलाव लाने वाली भूमिका निभाएगा। प्रस्तुति में ईवीएम में बनी मजबूती, पारदर्शिता और सुरक्षा उपायों पर भी जोर दिया जाएगा, जो हाल के सालों में चुनावी चर्चा का मुख्य विषय रहा है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के संदर्भ में राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के हिसाब से मतदाताओं की योग्यता पर भी एक प्रस्तुति दी जाएगी।

# ओए मामू, बात सुन...

## फिल्म अभिनेता संजय दत्त ने की पेड़ लगाने की अपील



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी ) ।** बालीवुड अभिनेता संजय दत्त ने रविवार को लखनऊ के सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र में अपने चिर-परिचित डायलॉग से पर्यावरण प्रेमियों से पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने युवाओं से कहा- ओए मामू, बात सुन। जिंदगी में दो काम करने का। एक पौधा लगाने का, दूसरा पानी बचाने का। अगर ये नहीं किया तो.. नहीं किया तो खुद की वाट लगाने का। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के बुलावे पर युवा उत्सव 2.0 में शामिल होने लखनऊ पहुंचे संजय दत्त का एयरपोर्ट पर मौजूद उनके प्रशंसकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान संजय दत्त ने बंगला बाजार इलाके में रोड शो किया। रोड शो के दौरान संजय दत्त की महज एक झलक पाने को प्रशंसक बेकाबू हो गये।

प्रशंसकों को उत्साहित देख संजय दत्त भी उत्साहित हो गये। प्रशंसक रोड शो के दौरान उनके ऊपर फूल बरसा रहे थे, तो संजय दत्त ने भी प्रशंसकों पर फूलों बरसाये। इसके अलावा उन्होंने हाथ हिलाकर प्रशंसकों का अभिवादन स्वीकार किया। रोड शो में विधायक राजेश्वर सिंह भी संजय दत्त के साथ रहे। बंगला बाजार पुलिस चौकी के पास मुख्य कार्यक्रम स्थल पर आयोजित युवा उत्सव 2.0 के दौरान संजय दत्त ने इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को पर्यावरण वीर पुरस्कार से सम्मानित किया।

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरी पत्नी कला देवी का व्यवहार गलत होगया है तथा वह काफी दिनों से मुझसे अलग रहती है। मेरी बात मानने से इंकार करती है। मुझे गन्दी-गन्दी गालियां देती है। मेरी पेंशन हड़पने की फिराक मे रहती है। इसलिये मैं और मेरा परिवार उससे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल अचल संपत्त से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में वह किसी भी व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करती है, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-गिरधारी सिंह पुत्र पूरन सिंह निवासी-ग्राम व पोस्ट झीरन, थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर ( बिजनौर )**

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं
सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
वसीक अहमद पूर्व सभासद
नगर पालिका परिषद, बिजनौर
मौ. मिर्दगान बी-10, बिजनौर

वसीक अहमद
पूर्व सभासद
पांचवां रोजा : सोमवार, 23 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:16, शिया 6:26
छठा रोजा : मंगलवार, 24 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:23, शिया-5:16

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000
रुपये का कैश डिस्काउंट

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## ख़तरा!

देश में कुछ ऐसी बातें कही जा रही हैं, जिन्हें सुनकर बहुत अटपटा लगता है। जैसे कि विभिन्न मंचों से धार्मिक संगठनों और सत्तापक्ष के नेताओं, पदाधिकारियों द्वारा जब यह कहा जाता है कि भारत में बहुसंख्यक ख़तरे में हैं, उन्हें एकजुट हो जाना चाहिए। इसी तरह, जब सत्तापक्ष के शीर्ष नेता कहते हैं कि देश को घुसपैठियों से बहुत ख़तरा है, सुनकर बहुत अज़ीब लगता है। सवाल यह है कि जब देश में और अधिकतर राज्यों में बहुसंख्यकों, सीधे तौर पर कहें तो हिन्दुओं की समर्थक सरकार है, तब हिन्दू या सनातन ख़तरे मे कैसे हुए ? और अगर वाकई देश की बहुसंख्यक आबादी को ख़तरा है, तब सरकार क्या कर रही है ? सरकार कार्रवाई क्यों नहीं करती ? धर्मपरिवर्तन की बात भी बार-बार की जाती है। इसे रोकने के लिये क़ानून है और आप स्वयं कहते हो कि देश में क़ानून का राज है, तब विधर्मियों की धर्मपरिवर्तन कराने की हिम्मत कैसे हो जाती है। ये तो सिस्टम की नाकामी हुई। इसी तरह, 11-12 साल से देश में सरकार आपकी, सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी आपकी, देश में छिपे घुसपैठियों को खोजने और उन्हें बाहर खदेड़ने का जिम्मा आपका, फिर घुसपैठिये अभी तक देश में कैसे मौजूद हैं। ये तो सीधे तौर पर आपकी नाकामी है। रोका किसने है घुसपैठियों को खदेड़ने से, उठाओ और फेंक दो बॉर्डर से बाहर। कितना बुरा लगता है जब देश के गृहमंत्री जी बार-बार कहते हैं घुसपैठियों से देश को खतरा है। 'चून-चून कर' खदेड़ने की बात कहते हैं, मगर पिछले 11 साल में कितनों को खदेड़ा। और अब, संघ प्रमुख मोहन भागवत जी ने कहा है कि अंदर, बाहर की ताकतें भारत को तोड़ने में जुटी हैं। अजीब बात है। सारी दुनिया में तो डंका बज रहा है, फिर भी बाहरी ताकतें देश को तोड़ने की कोशिशें कर रही हैं। दुनिया हमारी ताकत का लोहा मान रही है, फिर भी देश को अन्दर, बाहर से ख़तरा है।

क्या आपको ये बात अटपटी नहीं लगती। दो में से एक बात तो जरूर ग़लत है। या तो सरकार उतनी मजबूत नहीं है, जितना कि दावा किया जाता है, या फिर देश को अन्दर, बाहर से ख़तरें वाली बात ग़लत है। दरअसल, ऐसे बयानों के पीछे मकसद व लक्ष्य कुछ और है। ख़तरा न तो हिन्दुओं को है, न किसी और को, असली ख़तरा को नेताओं से राष्ट्र के हितों को है, जो सत्ता के स्वार्थ में किसी से भी कोई भी समझौता कर सकते हैं।

# युवा पीढ़ी उत्थान की ओर या पतन की ओर?

हमारे जीवन चक्र में हमारे संघर्ष कभी समाप्त नहीं होते, होने भी नहीं चाहिए, क्योंकि संघर्षों से जीवन निखरता है, बिखरता नहीं है। सोने पर पड़ा ताप उसकी चमक में चार चांद लगा देता है तथा सोना अधिक प्रखर होकर दमकता है। एक अध्यापक होने के नाते कहूं या मानवता के नाते दोनों पहलुओं से ही युवाओं का सच डराने और चौकाने वाला है, उनकी समझ जीवन के हर मोड़ पर छोटी सी लगती है। जीवन के सत्य उन्हें सिगरेट के धुएं के समान उड़ाने जैसे लगते हैं। इसके लिए जिम्मेदार कौन है? हम या कोई और, मेरी राय में हम ही हैं उसके लिए जिम्मेदार, क्योंकि उनके बचपन से लेकर उनके युवा होने तक या तो हमने उन्हें समझा नहीं या समझाया नहीं, उनकी हर जिद और हर मांग को हम आसानी से पूरा करते चले आए हैं। मैं यह नहीं कहूंगी कि उनकी जरूरत को हमें पूरा नहीं करना चाहिए, जी बिल्कुल करना चाहिए, बस रत्ती भर एहसास जरूर कराना चाहिए कि उनकी आवश्यकता कैसे पूरी की जा रही है। एक कहावत है- जा के पांव ना पड़ी बिवाई वह क्या जाने पीर पराई, दर्द का एहसास तभी होता है, जब हमने खुद दर्द को झेला हो। आग की जलन का एहसास हमारे खुद के जलने पर होगा और हां एहसान से अधिक एहसास जरूरी है शब्द नहीं, शब्दों की सार्थकता जरूरी है। हां, तो आप और हम कहां तक जिम्मेदार हैं युवा पीढ़ी के उत्थान, पतन के लिए। चलिए बचपन से ही शुरू करते हैं। कई बार बचपन में उनकी गलतियों और अभद्र शब्दों पर हंसना या उन्हें नकार देना उन्हें बड़ी-बड़ी गलतियां करने की ओर बढ़ावा देता है। हमारा बचपन ही हमारे आचरण, हमारे सद्व्यवहार और हमारे संस्कारों की नींव ही हमें उच्च और निम्न स्तर तक ले जाती है। कहीं न कहीं अभिभावकों के द्वारा अपने बच्चों को समय नहीं देना, उनकी गलतियों पर पर्दा डालना, उन्हें उसे हद तक ले जा रहा है, जिसकी आप और हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। आज अभिभावकों के पास बच्चों को देने के लिए सुख-सुविधाएं तो हैं, पर संस्कारों के नाम पर लाल झंडी युवा आज इंटरनेट पर उन्हीं एप्स को देखना पसंद करता है, जिनमें या तो अभद्र गालियां परोसी जाती हैं या अनैतिक चीजें।



बच्चों को फोन एडिक्ट्स कौन बनाता है कहीं न कहीं अभिभावक, क्योंकि उनके पास अपने बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं होता है। अभिभावक बचपन में उन्हें फोन देकर उनकी जिज्ञासा से बचना चाहते हैं और फिर बच्चे फोन छोड़ना नहीं चाहते हैं। मैं मानती हूं, आजकल अधिकांश महिलाएं कामकाजी हैं, उनके पास बच्चों के लिए सीमित समय है, परंतु घरेलू महिलाएं भी अपने बच्चों को कहां समय दे पा रही हैं। कारण है फोन, वे भी किसी न किसी प्रकार से फोन में अपने आपको व्यस्त रखती हैं। कसूरवार बच्चे ही नहीं अपितू कहीं न कहीं उनके अभिभावक भी हैं। अभिभावकों का अपने बच्चों को नियमित समय देना उनकी अनावश्यक आवश्यकताओं को पूरा करने से अधिक बेहतर है। याद रखिए सवेरा हमारी आंख खुलने के अनुसार नहीं होता, अपितु अपने समय से होता है। अगर हम अब भी अपनी आंखें नहीं खोलेंगे, तो युवा पीढ़ी को अंधकार में जाने से कोई नहीं बचा सकता।

धन हमारे जीवन की आवश्यकता है, परंतु हमारे अपने बच्चों से बड़ा धन हमारे लिए कोई भी नहीं है। हमारे द्वारा उन्हें दी गयी समझ धन से भी अधिक जरूरी है। कहा भी गया है कि पूत सपूत तो क्यों धन संचय, पूत कुपूत तो क्यों धन संचय। अपने बच्चों को अच्छा सुपुत्र, अच्छी सुपुत्री बनाने में सहायक बनिये, फिर उनके लिए अनावश्यक धन कमाने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। सत्य कड़वा होता है, परंतु सत्य होता है, आपके बच्चों को आपके धन से अधिक आपके साथ की जरूरत है। आपका साथ उन्हें आगे बढ़ने, उनका सुदृढ़ भविष्य बनाने में उनकी सहायता करेगा। युवा पीढ़ी का भविष्य कहीं न कहीं उनके हाथों में तो है। अभिभावक के ऊपर भी निश्चित है, अपने समय का निवेश अपने करणधारों के साथ करिए, समय पंख लगाकर उड़ रहा है, अगर अभिभावक अभी अपने बच्चे को नहीं समझे तो आपके बच्चों के भविष्य को अंधकार में जाने से कोई नहीं रोक सकता। थोड़ा सा साथ, थोड़ी सी समझ से आपके बच्चों का वर्तमान और भविष्य दोनों ही संभल जाएंगे। आपके बच्चे आपका परिवार ही नहीं, आपका नन्हा संसार है। अगर आप उन्हें आज समय नहीं देंगे तो भविष्य में आपके बच्चों के पास भी आपके लिए समय नहीं होगा। बस एक स्वस्थ सूझ-बूझ की जरूरत है। महान विद्वान चाणक्य के विचार मुझे बरबस याद आते हैं-बच्चे को उपहार न दिये जाये, तो वह कुछ समय तक रोयेगा, यदि संस्कार न दिये जाएं, तो वह जीवन भर रोयेगा। अपने बच्चों रुपी बरतन को सुंदर आकार देने के बाद दृढ़ शक्ति भी दीजिए। यही आप सबका उत्तरदायित्व है।



**अर्चना चौहान, किरतपुर**
जिला बिजनौर
फोन न.- 8445720639

# एकता के स्वर में गूंजता-वन्दे मातरम्

**सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम**
**शस्यश्यामलां मातरम**



**प्रकाश पंकज**

जब ये स्वर गूंजते हैं, तो वे केवल शब्द नहीं रहते, वे राष्ट्र की आत्मा का स्पंदन बन जाते हैं। हाल ही में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अब राष्ट्रगान जन-गण मन से पूर्व लगभग 3 मिनट 10 सेकंड की अवधि तक राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् का पूर्ण संस्करण निर्धारित औपचारिक अवसरों पर प्रस्तुत किया जाएगा। यह निर्णय प्रशासनिक परिपत्र भर नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना के पुनर्स्मरण का महत्वपूर्ण क्षण है।

प्राप्त विवरण के अनुसार राष्ट्रीय ध्वजारोहण, सरकारी कार्यक्रमों तथा शैक्षणिक संस्थानों सहित विभिन्न औपचारिक आयोजनों में राष्ट्रगीत के छहों अंतरों के साथ उसका समुचित प्रस्तुतीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। सम्मान की परंपरा के अनुरूप इस दौरान उपस्थित नागरिक आदर भाव से खड़े रहेंगे। चलचित्र प्रदर्शन से पूर्व इसे अनिवार्य नहीं रखा गया है, जिससे व्यवस्था की मर्यादा और व्यावहारिकता दोनों का संतुलन बना रहे।

परंतु इस पहल का सबसे दूरगामी प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ेगा। विद्यालयों की प्रार्थना सभाओं और सार्वजनिक मंचों पर जब राष्ट्रगीत की स्वर-लहरियां नियमित रूप से गूंजेंगी, तब यह केवल औपचारिक अनुष्ठान नहीं होगा, यह युवा मन में राष्ट्रीयता की नवऊर्जा का संचार करेगा। नव उमंग, नवआत्मविश्वास और मातृभूमि के प्रति उत्तरदायित्व का भाव, यही वह बीज हैं जिनसे भारतीय चेतना का उन्नत भविष्य अंकुरित होता है।

राष्ट्रगीत स्वतंत्रता आंदोलन की उस भावधारा का प्रतिनिधि रहा है, जिसने असंख्य देशवासियों के हृदय में त्याग, समर्पण और स्वाभिमान की ज्वाला प्रज्वलित की। आज जब उसे औपचारिक गरिमा के साथ पुनः प्रमुख स्थान दिया जा रहा है, तब यह अतीत और वर्तमान के बीच एक सेतु का निर्माण करता है एक ऐसा सेतु, जो परंपरा को आधुनिक भारत की प्रगतिशील आकांक्षाओं से जोड़ता है।

**यह क्षण केवल उत्सव का नहीं, आत्ममंथन का भी है। क्या हम इन स्वरों को केवल सुनेंगे, या उन्हें अपने आचरण, अपने कर्तव्य और अपने राष्ट्रीय दायित्व में रूपांतरित करेंगे? राष्ट्र की शक्ति केवल कानूनों से नहीं, बल्कि नागरिकों की सजग प्रतिबद्धता से निर्मित होती है।**

आवश्यकता है कि हम इस दिशा-निर्देश को गरिमा, अनुशासन और सकारात्मक भावना के साथ आत्मसात करें। जब राष्ट्रगीत की ध्वनि वातावरण में गूंजे, तब वह हमारे सामूहिक संकल्प का उद्घोष बने एक ऐसे भारत का, जहां एकता के स्वर में विविधता की शक्ति समाहित हो और जहां युवा हृदयों की नवऊर्जा राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य को आलोकित करे। राष्ट्र की गरिमा, युवा चेतना और भारतीय अस्मिता के उन्नत कल के लिए, वन्दे मातरम्।

# आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होना समस्त हिन्दू समाज के लिये गौरवपूर्ण उपलब्धि : कर्णवाल


हिन्दू सम्मेलन में मौजूद पदाधिकारी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** आरएसएस के नांगल खंड के तिसोतरा मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा में ग्राम प्रधान डा. महिपाल सिंह के आवास पर आयोजित हिन्दू जागृति सम्मेलन में संघ के इतिहास एवं हिन्दू हित में किये गये कार्यों से जनता को अवगत कराया गया तथा हिन्दुओं से एकजुट होने की अपील की गई।

हिन्दू सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व ग्राम प्रधान राजपाल सिंह ने की एवं संचालन मोहित चौहान ने किया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए जिला सहसंघचालक गगन कर्णवाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होना समस्त हिन्दू समाज के लिये गौरवपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने अनेक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उपस्थित जनसमूह को सनातन धर्म के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया एवं संघ के पंच सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय नेता कैलाश उपाध्याय ने कहा कि विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति हमारी सनातन संस्कृति है। हमारी संस्कृति में राष्ट्रीय उन्नति की भावना, महिला सम्मान, सबको साथ लेकर चलने की परम्परा सम्मिलित है।

हिन्दू सम्मेलन को स्वामी कुलदीप जी महाराज ने भी सम्बोधित किया। खंड संघ चालक सत्यपाल सिंह, मा. मैनपाल सिंह, खंड कार्यवाह पंकज पाल, भाजपा नेता चौ. ईशम सिंह, ओमकार आजाद, रजनीश कुमार, प्रदीप कुमार, संदीप चौधरी एड., शोभित चौधरी, अरविन्द विश्वकर्मा, डा. रितेश सैन, अजय कुमार, राजकुमार ढाका, कुलवीर कुमार, प्रीतम सिंह, सुभाष सिंह, ब्रजवीर सिंह सहित काफी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद


विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20
पांचवां रोजा : सोमवार, 23 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:16, शिया 6:26
छठा रोजा : मंगलवार, 24 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:23, शिया-5:16

# वरिष्ठ नागरिक परिषद की बैठक सम्पन्न



**बिजनौर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नागरिक परिषद पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिजनौर की मासिक बैठक परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय शिवराम शर्मा के नई बस्ती स्थित आवास पर धर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता, लेखा सिंह सेवानिवृत्त जिला जज के संरक्षण और कौशल कुमार वर्मा के संचालन में हुई। बैठक में बीआर मेहरा के भजन ने सभी का मन मोह लिया। राजीव कुमार शर्मा ने बैंक संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी सभी सदस्यों को दी। नये सदस्यों टीकम सिंह और छोटे सिंह का सभी सदस्यों ने मिलकर स्वागत किया। बैठक में धर्मवीर शर्मा, श्रीमती हीरा देवी, सुशीला देवी, संजीव कुमार शर्मा, राजीव कुमार शर्मा, बीआर मेहरा, कौशल कुमार वर्मा, सोमप्रकाश शर्मा, लेखा सिंह, छोटे सिंह, टीकम सिंह, अर्जुन कुमार अग्रवाल, सुषमा शर्मा, दिनेशचन्द्र शर्मा, रमेशचंद्र राजपूत, संजीव नंदा, विनीता नंदा आदि ने भाग लिया।

# हिन्दू समाज की एकता का आह्वान



**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम बीरमपुर में डा. विपिन कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं नन्द किशोर के संचालन में आयोजित हिंदू सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि संघ के विभाग प्रचारक क्रांति कुमार ने कहा कि हिंदुओं को जोड़ने के लिए जगह-जगह कार्य चल रहे हैं। उन्होंने हिन्दू समाज के लोगों से जात बिरादरी को छोड़कर एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ एक शताब्दी तक निरंतर राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण और संगठन निर्माण का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि संघ का मूल उद्देश्य समाज को संगठित कर राष्ट्र को सशक्त बनाना है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अनुशासन के साथ संघ के संगठनात्मक कार्यों से जुड़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख पुत्र रविधारीवाल, खंड चालक संजीव कुमार, तहसील प्रचारक विकास कुमार, रामफल मुखिया, सेवाराम, टेकचंद प्रधान, गौपालदास महाराज जी, धर्मेंद्र प्रजापति मीनू राजपूत, खंड कार्हवा गौरव वशिष्ठ, सेवाराम कश्यप, दीपक सैनी, सरदार सिंह, संजीव कुमार, पुखराज सैनी, हरनाम सिंह सैनी, हर्ष शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, सचिन शर्मा, नवनीत प्रजापति, विशाल कुमार आदि मौजूद रहे।

# दहेज हत्या में पिता-पुत्र गिरफ्तार



**चांदपुर ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति ने गुरमीत सिंह पुत्र छंगा सिंह, छंगा सिंह पुत्र सूडा सिंह, महेन्द्री पुत्र छंगा सिंह व सुरेन्द्र सिंह पुत्र छंगा सिंह निवासी ग्राम शाहपुर भसौड़ी पर अपनी पुत्री को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते हुए जान से मार देने के सम्बन्ध में थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गुरमीत सिंह व छंगा सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

# हिन्दू शक्ति के बल पर भारत फिर बनेगा विश्वगुरू : अनुराग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहजिला प्रचार प्रमुख अनुराग जी ने कहा कि संघ हिंदू समाज का जागरण कर रहा है, हिंदू समाज को अपनी शक्ति को पहचानना होगा। संगठित हिंदू शक्ति के बल पर भारत फिर से विश्व गुरु बनेगा।

रविवार को रामलीला मैदान के पास श्रीशिव मंदिर लंगोटिया महाराज में आयोजित हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता श्री अनुराग ने कहा कि संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार ने स्वामी विवेकानंद के सपनों को साकार किया। संघ ने हिंदू शक्ति के आधार पर अपना काम किया है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को विपत्ति में संगठित होकर उसका सामना करना होगा। सनातन धर्म श्रेष्ठ है और हमेशा रहेगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री सिद्धार्थ ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में हिंदुओं को संगठित करने के लिए बस्ती मंडल स्तर पर हिंदू सम्मेलन के आयोजन हो रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण व स्वदेशी के विषय में विस्तार में जानकारी दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ स्वयंसेवक धीर सिंह ने कहा कि व्यक्ति में परिवर्तन आने से ही समाज में परिवर्तन आता है, जिसके लिए संघ निरंतर अपनी शाखाओं के माध्यम से कार्य में लगा हुआ है। हिंदू सम्मेलन में सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में योगेंद्र पाल योगी, नगर संघचालक विकास, नगर कार्यवाह दीपक जी, जिला विमर्श प्रमुख अजय पाल जी, राघव, देवेंद्र पाल चीनू, माया पाल, राम गोपाल धनगर, विद्यानंद, अक्षय हनी, सुरेंद्र भोलू, सीमांत चौधरी, रामपाल सिंह, जल सिंह और धर्मेंद्र आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धीर सिंह ने व संचालक नरेश नगर ने किया।



# घर-घर कूड़ा संग्रहण शुल्क की जिम्मेदारी महिला स्वयं सहायता समूहों को दी गई

## प्राप्त शुल्क का 25 प्रतिशत समूह को दिया जायेगा

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** देहरादून में स्वच्छता प्रबंधन के क्षेत्र में एक अभिनव पहल ने सफलता की नई मिसाल प्रस्तुत की है। नगर निगम देहरादून द्वारा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत पंजीकृत महिला स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से संचालित घर-घर कूड़ा संग्रहण शुल्क अभियान ने न केवल सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया है, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। नगर निगम ने शहर के 100 वार्डों में से 57 वार्डों में कूड़ा शुल्क संग्रहण की जिम्मेदारी महिला स्वयं सहायता समूहों को सौंपी है। इन समूहों द्वारा त्रैमासिक (प्रत्येक तीन माह के आधार पर) घर-घर जाकर निर्धारित शुल्क का संग्रहण किया जा रहा है। अभियान के प्रारंभिक चरण में ही जुलाई, अगस्त और सितंबर माह के दौरान 63 लाख रुपये से अधिक की राजस्व प्राप्ति दर्ज की गई है। इस पहल की विशेषता यह है कि प्राप्त मुनाफे का 25 प्रतिशत भाग सीधे संबंधित महिला समूहों को प्रदान किया जा रहा है। इससे महिलाओं को स्थायी आय का स्रोत मिला है तथा वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिला समूहों द्वारा शुल्क संग्रहण के साथ-साथ नागरिकों से फीडबैक भी लिया जा रहा है, जिससे सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं उत्तरदायी बनाया जा रहा है। वार्ड संख्या 64, नेहरूग्राम की समूह सदस्य सीमा बिष्ट ने कहा कि इस योजना से उनके जैसी अनेक महिलाओं को रोजगार का सशक्त अवसर प्राप्त हुआ है।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया 150 लोगों ने अपना परीक्षण कराया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लाक के ग्राम सभा सरुड़ा हनुमंती में देवभूमि नेत्र चिकित्सालय के डॉ. अरुण नेगी के तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए क्षेत्रीय निवासी मुकेश बड़थ्वाल ने बताया कि इस दौरान लगभग डेढ़ सौ क्षेत्रीय निवासियों के आंखों की नि:शुल्क जांच करने के साथ ही उनको दवा एवं चश्मे वितरित किये गये। मोतियाबिंद और आपरेशन की आवश्यकता वाले लोगों को आयुष्मान कार्ड, गोल्डन कार्ड के माध्यम से देवभूमि नेत्र चिकित्सालय में 25 फरवरी को ऑपरेशन का समय दिया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान सरुड़ा हनुमंती पुष्पा देवी सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान
की दिली मुबारकबाद
मो. ग़ाज़ी
पूर्व विधायक, शेरकोट
पांचवां रोजा : सोमवार 23 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:16, शिया 6:26
छठा रोज़ा : मंगलवार, 24 फरवरी
सहरी- सुन्नी 5:23 शिया 5:16

# गलगोटिया विश्वविद्यालय की मान्यता समाप्त करने की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** समाजसेवी डीपी सिंह आर्य ने उप जिलाधिकारी धामपुर के माध्यम से जनता दिवस में केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को भेजे ज्ञापन में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की मान्यता को समाप्त करके उसके प्रबंध तंत्र के खिलाफ मुकदमा चला कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने चीन मेकिंग डॉग को अपना बताकर भारत सरकार की छवि को विश्व में धूमिल किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान हमारे छात्रों का भविष्य अंधकार में करने के साथ अभिभावकों को गुमराह करके उनके धन की बर्बादी कर रहे हैं। उन्होंने यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा समिट में किये गये विरोध प्रदर्शन की निंदा करते हुए उनके खिलाफ रासुका के तहत कार्यवाही किए जाने की भी मांग की है।

# मुरादाबाद मंडल के लिए बजट बेहतरीन सिद्ध होगा : व्यस्त

**धामपुर ( चिंगारी )।** बरेली मुरादाबाद खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने प्रदेश सरकार के बजट को मुरादाबाद मंडल के लिए बेहतरीन बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बजट में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय को 50 करोड रुपए की धनराशि अवमुक्त की है जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि बजट में गंगा एक्सप्रेसवे को हरिद्वार लिंक एक्सप्रेस वे के रूप में जोड़ने का प्रावधान किया गया है इसमें बिजनौर में स्थित प्राचीन महाभारत कालीन विदुरकुटी को भी शामिल किया गया है, जिससे यह क्षेत्र पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा जिसका लाभ जनपद बिजनौर को निश्चित रूप से प्राप्त होगा। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुरादाबाद मंडल को बजट में लाभ प्राप्त होगा।



एमएलसी जयपाल सिंह बजट पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए।

# यूजीसी के विरोध में दिया ज्ञापन

**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षत्रिय करणी सेना मुख्यालय, राजस्थान से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत सिंह के नेतृत्व में, बिजनौर इकाई के प्रतिनिधियों-रसिक चौहान, महेंद्र सिंह चौहान, शोभा राजपूत (जिला अध्यक्ष, महिला मोर्चा), जयवीर सिंह सिसोदिया (जिला अध्यक्ष) तथा ठाकुर रितिक चौहान (प्रदेश उपाध्यक्ष) की उपस्थिति में जिलाधिकारी बिजनौर को राज्यपाल के नाम यूजीसी से संबंधित विषय पर ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर 8 मार्च 2026 को रामलीला मैदान, दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संगठन की आगामी योजनाओं को सफल बनाने हेतु सभी सम्मानित साथियों से अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान शोभा राजपूत, प्रीति, अनीता, रीना, रीटा, भावेश, मीना, हेमलता, रोविंद सिंह, महेंद्र सिंह, हरिश्चंद्र शर्मा, भावेश चौहान, दीपक गहलौत, मोंटी चौहान तथा जिला मीडिया प्रभारी सचिन चौहान (ठाकुर) आदि भी मौजूद रहे।



सभी देशवासियों को
मुकद्दस रमज़ान
की दिली
मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष सपा
रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
पूर्व जिला सचिव
समाजवादी पार्टी, बिजनौर
रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
पांचवां रोजा : सोमवार 23 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:16, शिया 6:26
छठा रोज़ा : मंगलवार, 24 फरवरी
सहरी- सुन्नी 5:23 शिया 5:16

# माता-पिता हमारे जीवन के प्रमुख आधार स्तंभ-शिव कुमार

## विद्या मंदिर में हुआ मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम

**धामपुर/जैतरा ( चिंगारी )।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध मां शान्ति बाई सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में शनिवार को मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिव कुमार शर्मा (क्षेत्रीय वाटिका प्रमुख, प.उ.प्र., गाजियाबाद) उपेन्द्र कुमार शर्मा (सम्भाग निरीक्षक, भारतीय शिक्षा समिति मुरादाबाद सम्भाग) महीपाल सिंह,(सम्भाग निरीक्षक शिशु शिक्षा समिति सम्भाग मुरादाबाद) विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. इन्द्रवीर सिंह एवं अभिभावकों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता शिव कुमार शर्मा ने कहा कि माता-पिता हमारे जीवन के प्रथम गुरु, प्रेरणा और संस्कारों के आधार स्तंभ हैं। उनका स्नेह, त्याग और आशीर्वाद ही हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। कार्यक्रम में उपेन्द्र शर्मा ने कहा कि छात्र जीवन में पल्लवित संस्कार ही व्यक्ति के जीवन मूल्य के प्रमुख आधार होते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. इन्द्रवीर सिंह ने आगुंतकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती हिमानी राठी रही।

# 25 फरवरी को निकाली जायेगी खाटू श्याम की निशान यात्रा




**धामपुर ( चिंगारी )।** दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित सिद्ध पीठ नवदुर्गा खाटू श्याम मंदिर में श्री खाटू श्याम बाबा का वार्षिक फाल्गुन निशान यात्रा महोत्सव 25 फरवरी, बुधवार को प्रात: 10 बजे से मनाया जायेगा। मंदिर के पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ महाराज ने बताया कि 25 फरवरी को प्रात: 10 बजे बाबा का श्रृंगार, दोपहर 12 बजे आरती और भोग लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोपहर 1 बजे निशान यात्रा मंदिर से निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धामपुर के भाजपा विधायक अशोक राणा सहित कुंवर निहाल सिंह व श्रीमती शोभा रानी रहेंगे।

# 'रंग में भंग डालने वालों को बख्शा नहीं जायेगा'

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** आगामी त्यौहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में निर्विघ्न संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से हीमपुर दीपा थाना प्रांगण पर शांति समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, पुलिस पेंशनर और धर्मगुरु मौजूद रहे। बैठक में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह ने कहा कि त्यौहारों पर कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा। शराबी और शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नज़र रहेगी। अगर कोई रंग में भंग करने



का प्रयास करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह तालान, एसआई जगत सिंह, पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर कोमल सिंह, शिव अवतार, पूर्व प्रधान जाहिद, मुस्तकीम, मोहम्मद वसीम, दिलशाद, रवि कुमार, जावेद प्रधान, धर्मवीर सिंह प्रधान आदि मौजूद रहे।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
(उत्तर प्रदेश सरकार)
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

पांचवां रोजा : सोमवार, 23 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:16, शिया 6:26
छठा रोजा : मंगलवार, 24 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:23, शिया-5:16

# ससुराल आये दामाद को ज़हर देकर मार देने का आरोप

**बढ़ापुर (चिंगारी)। बढ़ापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पत्नी को लेने ससुराल पहुंचे दामाद को ससुराल पक्ष द्वारा ज़हर देकर मार दिए जाने का आरोप लगाते हुए मृतक के भाई ने ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध तहरीर देते हुए बढ़ापुर पुलिस से अभियोग पंजीकृत करने की गुहार लगाई है।**

हरियाणा राज्य के जनपद फतेहाबाद के गांव रत्ताखेड़ा निवासी बिट्टू पुत्र नौशा सिंह ने बढ़ापुर पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसके भाई रवि का 2 वर्ष पूर्व विवाह बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव रामजीवाला निवासी राजविंदर कौर उर्फ सुमन पुत्री फौजा सिंह के साथ हुआ था। रवि की पत्नी अपने मायके आई हुई थी, 15 फरवरी को उसका भाई अपनी पत्नी राजविंदर कौर को लेने के लिए गांव रामजीवाला पहुंचा था, जहां उसकी ससुराल वालों सोनू व गुरदास पुत्रगण फौजा सिंह, कौशल्या कौर पत्नी फौजा सिंह व सुनीता उर्फ सीता पुत्री फौजा सिंह ने उसे बांधकर पहले मारपीट की, बाद में उसे ज़हर दे दिया था। उसके भाई के ससुराल पक्ष के लोगों ने उनके परिवार को बिना सूचना दिये बढ़ापुर पुलिस को सूचना देकर गंभीर अवस्था में उसके भाई को सीएचसी नगीना में भर्ती कराया था, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया था। उपचार के दौरान जहां उसकी मौत हो गई है, जिसके शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। मृतक के भाई बिट्टू ने बढ़ापुर पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है। बढ़ापुर पुलिस ने तहरीर मिलने की पुष्टि की है।

# पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया गया रासेयो शिविर का दूसरा दिन




**चांदपुर (चिंगारी)।** विवेकानंद महाविद्यालय दरबाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र-छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन को पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण किया।

कॉलेज प्रबंधक पीयूष कुमार व प्राचार्य डॉ. संदीप चौहान ने शिविर का शुभारंभ किया। बाद में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अपने विचार रखते हुए मुख्य अतिथि डॉ. प्रियंका धारीवाल ने कहा कि हम सभी को एक वर्ष में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए, जिससे तेजी से बढ़ रहे तापमान को कम किया जा सके। विचार गोष्ठी में रिमझिम कुमारी, वैश्वी तोमर, राहुल सैनी, खुशी सैनी ने भी विचार रखे। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शेरसिंह कटारिया व अंकुल कुमार के साथ महाविद्यालय स्टाफ से डॉ. अमित मित्तल, सुशील चौहान, हुकुम सिंह, ब्रजपाल सिंह भी उपस्थित रहे।

# रासेयो शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों ने किया वृक्षारोपण

**हल्दौर (चिंगारी)।** गहलौत कॉलेज हल्दौर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आज पहला दिन वृक्षारोपण दिवस के रूप में मनाया गया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज अध्यक्ष मानव मनोहर गहलौत, प्राचार्या डा.पंकज सिंह एवं कार्यक्रम अधिकारी ने संयुक्त रूप से भारत माता और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम वृक्षारोपण विषय के रूप में मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक / स्वयंसेविकाओं ने वृक्षारोपण के महत्व को समझाया और घर-घर जाकर वृक्षारोपण को जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन की अमूल्य वस्तु हैं और हमें अपने आस-पास पेड़-पौधे लगाकर वृक्षारोपण करना चाहिए, जिससे हम शुद्ध वातावरण में सांस ले सकें। आज समाज में हो रहे प्रदूषण के कारण वृक्षारोपण की आवश्यकता है। जो हमारे व हमारे जीवन के लिए बहुत लाभदायक है। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा.विजयवीर सिंह, शिवानी राजपूत, डा.मनोज कुमार आदि का सहयोग रहा।

# बार एसोसिएशन की चुनाव समिति में नये सदस्यों का मनोनयन

## सदस्यता की अंतिम तिथि बढ़ी

**बिजनौर (चिंगारी)।** बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी बिजनौर के वर्ष 2026 में होने वाले चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए चुनाव समिति का गठन किया गया है। चुनाव अधिकारी विरेंद्रपाल सिंह एडवोकेट ने अपने सहयोगियों से विचार-विमर्श के उपरांत समिति में नये सदस्यों को शामिल किया है। इसमें रणवीर सिंह चौधरी एडवोकेट, सत्यवीर त्यागी एडवोकेट, अनिल कुमार एडवोकेट, आनन्द जंघाला एडवोकेट, सचिन कुमार एडवोकेट, प्रमोद चौधरी एडवोकेट, गजेन्द्र सिंह एडवोकेट, सौरभ चौधरी एडवोकेट, विजय सिंह एडवोकेट, नीरज विश्नोई एडवोकेट, शक्ति सिंह एडवोकेट एवं नावेद अहमद एडवोकेट को सम्मिलित किया गया है। चुनाव समिति में अब कुल 24 सदस्य हो गए हैं। साथ ही बार एसोसिएशन के सदस्यों के लिए सदस्यता शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 22 फरवरी से बढ़ाकर 6 मार्च कर दी गई है। चुनाव अधिकारी ने बताया कि शीघ्र ही चुनाव कार्यक्रम की भी घोषणा कर दी जाएगी।

# राष्ट्रीय डाक कर्मचारी एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय डाक कर्मचारी एसोसिएशन परसप्शन एवं एमटीएस का द्विवार्षिक अधिवेशन रविवार को रानी की धर्मशाला बिजनौर में आयोजित किया गया। अधिवेशन की अध्यक्षता अरविंद कुमार ने की तथा संचालन बाबूराम एण्ड कंपनी बिजनौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव गौरव कुमार एवं मंडलीय सचिव अनुराग महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिवेशन में आगामी दो वर्षों के लिए कर्मचारियों की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। मुख्य वक्ता अनुराग महतो ने कर्मचारियों की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कर्मचारियों को अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर रहना



आवश्यक है। अधिवेशन में सर्वसम्मति से अरविंद कुमार को अध्यक्ष, कालेन्द्र कुमार को उपाध्यक्ष, खुशपाल सिंह को मंडलीय सचिव, भानु कुमार को उपमंडलीय सचिव, संजीव कुमार शर्मा, डाली तोमर, अवधेश गंगवार, बाबूराम, कुलदीप कुमार एवं रमेश कमल कुमार शर्मा को सहायक मंडलीय सचिव, शशिकांत शर्मा को कोषाध्यक्ष, सोनवीर सिंह को सहायक कोषाध्यक्ष तथा धीरेंद्र सिंह को ऑडिटर घोषित किया गया।

# जीवनशैली में बदलाव से बढ़ रहे गुदा रोग- डॉ. सुधांशु चौधरी

## प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर तथा शुक्रवार को बास्टा में

-विपिन भारद्वाज



**बिजनौर ( चिंगारी )**। खराब व गतिहीन जीवनशैली, तनाव, मोटापा, अधिक तला हुआ व कम फाइवर वाला भोजन, बार-बार भारी सामान उठाना, कब्ज, मल त्याग में ज्यादा जोर लगाना तथा लम्बे समय तक सिटिंग आदि से आंतों का स्वास्थ्य खराब हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप मनुष्य बवासीर, भगंदर फिशर, गुदा फोड़ा और अन्य कोलोरेक्टल समस्याओं से घिर जाता है। यदि समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सक से इलाज न कराया जाये तो यह रोगियों में असहनीय पीड़ा, बेचैनी के साथ असामान्य रक्त हानि आदि अनेक जटिलताओं का कारण बन जाती है, लेकिन निराश होने की जरूरत नहीं, इलाज संभव है।

अब जनपद के ऐसे रोगियों को चिंतित व निराश होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उक्त गुदा रोगों का उचित व स्थायी इलाज अपने लम्बे अनुभव के साथ गुड़गांव व नोएडा जैसे महानगरों में बड़ा व भरोसेमंद नाम गुदा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधांशु चौधरी (Anorectal Surgon) हफ्ते में दो बार प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर बैराज रोड स्थित सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर तथा प्रत्येक शुक्रवार को बास्टा (चांदपुर) स्थित श्री साईं हॉस्पिटल में अपनी सेवायें दे रहे हैं।



### मात्र 10 दिनों में मरीज के ठीक होने का दावा

**बिना आप्रेशन, बिना चीड़फाड़ के, बगैर भर्ती किये दर्द रहित, शीघ्र रिकवरी, उन्नत व प्रभावी उपचार के मात्र 10 दिनों में रोगी के ठीक होने के दावे के साथ डॉक्टर साहब का मरीजों के प्रति करूणामयी व्यवहार आदि के चलते कम समय में ही रोगियों के विश्वासपात्र बनकर रोगियों के स्वास्थ्य लाभ की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।**


### गुदा रोग असाध्य नहीं

डॉ. सुधांशु के अनुसार बवासीर, भगंदर व फिशर आदि गुदा रोग कोई असाध्य रोग नहीं है। एक रिसर्च के अनुसार 50 वर्ष तक की 75 प्रतिशत आबादी इनसे प्रभावित हो जाती है। यह एक सामान्य समस्या है, लेकिन इसका समय पर इलाज न कराने पर यह रोग घातक होकर मनुष्य के दैनिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करने लगता है।

### नीम-हकीम मतलब ख़तरा-ए-जान

**डॉ. सुधांशु का स्पष्ट कहना है कि गुदा रोगों को अनुपचारित छोड़ना मतलब छोटी समस्याओं को बड़ा कर जटिलताओं को न्यौता देने जैसा है। यह बात हर किसी को भली प्रकार समझ लेनी चाहिए कि इसे घरेलू उपचारों व नीम हकीमों के फेर में पड़कर ठीक नहीं किया जा सकता है। समय पर व समुचित इलाज न कराने व लापरवाही के चलते यह कैंसर जैसी घातक बीमारी हो सकती है। अतः भय व संकोच छोड़कर तुरंत मो. 7302127966, 9411226422 व 9871884104 पर सम्पर्क कर एक कदम स्वस्थ खुशहाल जीवन की ओर बढ़ायें।**

## यूपी और उत्तराखण्ड में चुनाव लड़ेगी सर्वजन सनातन पार्टी




**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )**। यूपी के लखनऊ स्थित सर्वजन सनातन पार्टी कार्यालय में एक अहम बैठक राष्ट्रीय महासचिव मृत्युजंय चौबे द्वारा आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय प्रचारक अरुणेश मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा पूनम शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन मिश्रा एवं संगठन मंत्री त्रिलोचन अवस्थी की उपस्थित में बाराबंकी जनपद की कार्यकारिणी में फेरबदल किया गया है। इसके अलावा बैठक में आगामी वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और तय किया गया कि पार्टी चुनाव में यूपी के अलावा उत्तराखंड में भी अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। बाराबंकी की नई कार्यकारणी में जिला मीडिया प्रभारी मनोज कुमार शुक्ला राजू को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। दिव्यांशु द्विवेदी को मीडिया एवं ढूञ्ज सेल का प्रभारी मनोनीत किया गया है।





खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।





पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476





## पैमाइश के बाद ही पता चलेगा कि पेड़ किसके हैं?

### सीरवासुचंद में काटे गए यूके लिप्टिस के पेड़ों का मामला

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। पैमाइश पूरी न हो पाने पर पेड़ों के स्वामित्व का मामला अभी अधर में है। पैमाइश पूरी होने पर ही पता चलेगा कि काटे गए यूकेलिप्टस के पेड़ ग्राम समाज की जमीन पर थे या निजी आराजी पर। मामला पास के ग्राम सीरवासुचंद का है, जहां गांव में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ काटने की शिकायत वन विभाग सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से की गई है। मामला संज्ञान में आने पर सर्वप्रथम स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कासमपुर गढ़ी की विवेकानंद पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई मनवीर सिंह ने बताया कि मामला राजस्व विभाग से सम्बन्धित होने पर पेड़ों के कटान का कार्य रूकवाते हुए सूचना राजस्व विभाग को दे दी गई है। रविवार को सूचना पाकर मौके पर पहुंचे हलका लेखपाल तेजपाल सिंह का कहना है कि सीरवासुचंद में कुछ यूके लिप्टिस के पेड़ कटे हुए मिले हैं, जहां ग्राम समाज की जोहड़ी के साथ-साथ ग्रामीणों की निजी आराजी भी है। लेखपाल तेजपाल सिंह का कहना है कि मौके पर पहुंचने पर अय्यूब अहमद आदि ग्रामीण अपनी-अपनी निजी आराजी की पैमाइश करने की मांग करने लगे, जिन्हें पैमाइश हेतु आदेश कराने को कहा गया है। लेखपाल का कहना है कि पैमाइश के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि पेड़ ग्राम समाज की आराजी के कटे हैं या निजी आराजी के हैं। उधर अय्यूब अहमद ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

चिंगारी : विचार

## अपने होनहारों को संभालें



-सत्यराज

निरंतर विकसित हो रहे समाज में प्रत्येक घर-परिवार की आर्थिक स्थिति और बेहतर होती जा रही है। आज से तीन पीढ़ी पहले जब साइकिल मध्यवर्ग की एक विशेष सवारी मानी जाती थी, वहीं वर्तमान में फोर व्हीलर यानी कारों के रूप में देखी जा रही है। मध्यवर्ग के अधिकांश परिवारों पर कारें और वो भी महंगी-मंहगी कारें आ गईं हैं। इन वाहनों के इस्तेमाल में एक सामाजिक प्रदर्शन भी जुड़ गया है, लेकिन ज्यादातर देखा जाता है कि 18 वर्ष की आयु से कम वाले बच्चे इन गाड़ियों को चलाने लगते हैं और दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। आंकड़ों के अनुसार एक वर्ष में भारत में लगभग 12000 दुर्घटनाएं इन टीनएजर्स के कारण ही होती हैं। मतलब यह है कि प्रतिदिन 16 दुर्घटनाएं इन किशोर आयु वर्ग के बच्चों के कारण ही होती हैं। कभी सोचा है की इन बच्चों को बिना ड्राइविंग लाइसेंस के कारें चलाने को कौन देता है? तो सबसे बड़ा हाथ इसमें उनके माता-पिता का ही माना जाता है, जो सच भी है। यदि माता-पिता ही अपने बच्चों को अनुमति नहीं देंगे तो ये बच्चे गाड़ी कैसे चला पाएंगे। दुर्घटना के बाद जितनी भी परेशानी होनी है वह माता-पिता को ही होगी। हम सबको चाहिए कि जब तक बच्चा वाहन चलाने की अधिकृत आयु से ऊपर न हो जाए, तब तक उसे वाहन चलाने न दें।

# राहुल भी हुये साइकिल पर सवार, बोले- सपा की बनेगी सरकार

## मुनिदेव शर्मा सहित 25 अन्य नेता भी सपा में शामिल



**बिजनौर (चिंगारी)।** अनुज मलिक के बाद अब राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल सिंह ने भी समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया है। रविवार को राजधानी लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

इस अवसर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश रालोद के पूर्व अध्यक्ष मुनिदेव शर्मा, व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश महामंत्री देवेश चौधरी, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक एम.पी. सिंह सहित 25 नेताओं ने भी सपा की सदस्यता ग्रहण की। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने सभी का सपा में होने पर स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा का सफाया होने जा रहा है।

इस अवसर पर सपा सांसद रुचि वीरा, विधायक रामअवतार सैनी व मनोज पारस, सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी सहित सपा के अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। राहुल सिंह तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं के सपा में शामिल होने से जिले की राजनीति में हलचल मच गई। जाट नेताओं का लगातार सपा की ओर रुख होने से रालोद व भाजपा में बेचैनी देखी जा रही है। राहुल सिंह युवा नेता हैं और जिले की राजनीति में उनका खासा दखल है, जबकि मुनिदेव शर्मा को जनपद की राजनीति का चाणक्य कहा जाता है।

## पीडीए को मजबूत करना मकसद- राहुल

राहुल सिंह पिछले लगभग 20 वर्षों से सक्रिय राजनीति में हैं। वर्ष 2006 में उनकी पत्नी मृणालिनी सिंह हल्दौर ब्लॉक प्रमुख चुनी गई थीं। राहुल सिंह 2008 में राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष बने। बाद में उन्होंने संगठन में अनेक पदों पर काम किया। 2017 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने बिजनौर सदर सीट से चुनाव लड़ा। वर्ष 2023 में वह भाजपा में शामिल हो गये थे। राहुल सिंह का कहना है कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है। 2027 में श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में यूपी में सपा की सरकार बनेगी। सपा और पीडीए को मजबूत करना उनका मकसद रहेगा।



## सूट बदलने को लेकर हुई मारपीट से मची अफरा-तफरी

**नगीना (चिंगारी)।** सूट बदलने को लेकर ग्राहकों व दुकानदार के बीच सरे बाजार खूब मारपीट हुई। देखते ही देखते एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ईंट भी उठा लिए। इस मामले में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद भी पुलिस हरकत में आई तथा दोनों पक्षों का शांति भंग में चालान करने की बात कही है। हालांकि घायलों का इलाज कराने सीएचसी खुद पुलिस लेकर पहुंची थी।



रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब वायरल हुई। वायरल वीडियो में दो पक्ष सरे बाजार एक-दूसरे के साथ मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक पक्ष के लोगों ने मारपीट के दौरान अपने हाथों में ईट-पत्थर भी उठा रखे हैं, जो दूसरे पक्ष पर फेंकते हुए दिख रहे हैं। बताया जाता है कि नगर के मोहल्ला लुहारी सराय निवासी फरमान की पत्नी नगर के मोहल्ला पंजाबियांन में स्थित एक दुकानदार से सूट खरीदकर लाई थी। सूट बदलने को लेकर दुकानदार व फरमान में कहासुनी हो गई। बाद में फरमान अपने दो भाई इमरान व साहबान को साथ लेकर दुकानदार के पास पहुंच गया। तीनों भाइयों व दुकानदार मोहसिन के बीच सूट बदलने को लेकर बाजार में हुई मारपीट से अफरा-तफरी का माहौल हो गया था। उधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों का कहना है कि घायल तीनों भाइयों के सिर में चोट लगी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि इस मामले में किसी भी पक्ष की तरफ से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। उनका कहना है कि मारपीट करने वाले दोनों पक्षों के लोगों का शांति भंग में चालान किया जाएगा।

## थ्री व्हीलर व कार की टक्कर में वृद्ध की मौत, कई घायल



**नूरपुर (चिंगारी)।** सोमवार को क्षेत्र के गांव गौहावर के पास एक थ्री व्हीलर में ईको कार चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि थ्री व्हीलर सड़क किनारे खाई में पलट गया। थ्री व्हीलर में सवार लोगों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने किसी तरह थ्री व्हीलर में फंसी सवारियों को निकाला। इस दौरान सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया,जहां चिकित्सकों ने रामसिंह (70) निवासी ग्राम मुकरपुर सत्ती थाना क्षेत्र हल्दौर को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों सोमपाल सिंह (50)पुत्र छोटे सिंह निवासी ग्राम मुकरपुर सत्ती थाना क्षेत्र (हल्दौर), धर्मवीर सिंह (62) पुत्र सुख सिंह निवासी ग्राम खाजपुरा (हल्दौर), महिला रीना (40)पत्नी बाबूराम, निशी (20) पुत्री नौबहार सिंह, अंजली (18) पुत्री बाबूराम निवासी ग्राम कतुपुरा थाना क्षेत्र नौगांवा सादात का उपचार चल रहा है।



# खनन माफ़ियाओं के हौसले बुलंद भाजपाइयों ने कराया काम बंद

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर में मिट्टी का खनन करने वाले खनन माफिया पूरी तरह सक्रिय हैं। भाजपा नेताओं की शिकायत करने व कार्रवाई कराने के बावजूद भी उनके हौसले बुलंद है और जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के आदेशो को धता बताकर मानको को ताक पर रखकर खनन करने में लगे हुए हैं। जो रविवार को फिर चल पड़ा।

मालूम हो कि गत दिनों नगर में खुलेआम अवैध रूप से हो रहे मिट्टी के खनन की ट्रैक्टर-ट्रालियों को भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने पकड़कर थाने में सीज करा दिया था। उनका कहना था कि मानको को ताक पर रखकर खुलेआम खनन किया जा रहा हैं। खनन में कामर्शियल वाहनों की जगह कृषि कार्य के वाहन वह भी बिना नंबर प्लेट के लगे हुए हैं, साथ ही ओवरलोडेड व बिना ढके धूल उड़ती हुई मिट्टी लाई जा रही हैं और तीव्र गति से सड़को पर यह वाहन दौड़ रहे हैं। अगर कोई हादसा होता है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। भाजपा नेताओं के विरोध और कार्रवाई कराने के मात्र चार दिन तो नगर के खनन माफिया शांत रहे, लेकिन रविवार को कथित सांटगांठ करके खुलेआम थाने के सामने स्थित कालोनी में व थाने के सामने अपनी ओवरलोडेड मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रालियां दौड़ते हुए अन्य जगहों पर खनन करने लगे। जिसकी जानकारी होते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान व अन्य भाजपा नेताओं ने तुरंत इसकी शिकायत थाना पुलिस और जिला प्रशासन की, तब कहीं जाकर खनन बंद हुआ। उधर कस्बा इंचार्ज एसआई सतेन्द्र कुमार का कहना है कि यह मेरी जानकारी में नहीं है। मैं इसको दिखवाता हूं।

# 'डीएम साहिबा! जांच टीम ने गवाहों के हस्ताक्षर नहीं करवाये'




**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगीना तहसील के ग्राम समसपुर सददो के धनगर समाज के कई लोगों ने आज जिलाधिकारी से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें विजिलेंस टीम द्वारा गवाहों के हस्ताक्षर/अंगूठा निशान न लगवाये जाने की बात कही गई है। ज्ञापन में कहा गया कि गत 16 फरवरी को ग्राम पंचायत समसपुर सददो में जिला विजिलेंस टीम जांच करने आई थी और एक-एक करके सभी ग्रामीणों के बयान दर्ज किये, लेकिन जब गवाहों के हस्ताक्षर कराने के लिये कहा गया तो तहसीलदार नगीना ने बाद में हस्ताक्षर करवाने की बात कही। लेकिन जांच प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी गवाहों के हस्ताक्षर नहीं कराये गये, न ही अंगूठे लगवाये गये। ज्ञापन देने वालों में कृपाल सिंह, प्रधानपति राकेश, घनश्याम, अशोक, पदम सिंह, रामपाल सिंह, नौबहार सिंह, टीकम सिंह, सतेन्द्र कुमार, बाबूराम, रामलाल, दयाराम आदि शामिल रहे।



# सैयद असद रजा मेमोरियल अवार्ड से नवाजे गये फारूक बिजनौरी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उर्दू अकादमी देहली सरकार के सहयोग एवं फलाह मासूम ट्रस्ट देहली के तत्वावधान में शायर फारूक बिजनौरी के एजाज में ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन शहादत अली निजामी की सदारत में किया गया। मुख्य अतिथि उर्दू अकादमी देहली के पूर्व वाइस चान्सलर एवं भारत सरकार द्वारा पदमश्री अवार्ड से सम्मानित प्रोफेसर अख्तर उल वासे रहे। प्रो. अख्तर उल वासे व शायर मतीन अमरोही ने शायर फारूक बिजनौरी को शॉल ओढ़ाकर मशहूर शायर व राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र के चीफ एडीटर रहे मरहूम सय्यद असद रजा मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया। प्रो. अख्तर उल वासे ने असद रजा के बारे में कहा कि वे बेहतरीन शायर के साथ-साथ एक शानदार सहाफी भी थे। कार्यक्रम में असद रजा की बेटी सना रजा भी मौजूद रहीं। मुशायरे का संचालन मशहूर शायर दर्द देहलवी ने किया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# खड़ंजा उखाड़कर ईंट-रोड़ा, ईदगाह के सामने छोड़ा

**धामपुर ( चिंगारी )।** पावन रमजान का महीना चल रहा है। इस दौरान रोजेदार नगर की विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर रहे हैं। रमजान पाक का महीना पूरा होने पर नगीना मार्ग स्थित ईदगाह पर ईद की नमाज अदा की जाएगी। परंतु दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना रिजॉर्ट तक लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क के चौड़ीकरण का कार्य किये जाने के दौरान ईदगाह के बाहर इंटरलॉकिंग से बना हुआ खड़जा उखाड़ दिया गया है। इसका रोड़ा और बजरी के साथ इंटरलॉकिंग की ईंट मेन गेट के बाहर उखडी पड़ी हुई है। ऐसी स्थिति में जब ईद पर मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज पढ़ने के लिए ईदगाह जाएंगे तो उनको भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।



लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार देवेंद्र चौहान का कहना है कि हमें जहां तक सड़क चौड़ीकरण करना है वहां तक हमने साइडे उखाड़ने का कार्य किया है। बाकी जो ईंट या रोडा है, वह नगर पालिका की जगह है जिसको नगर पालिका ही ठीक कराएगी। इस संबंध में शहर इमाम मुफ्ती मोहम्मद कमर कासमी ने बताया कि उन्होंने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह को इस बारे में अवगत करा दिया है। नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार ने आश्वासन दिया है कि वह खड़ंजे को शीघ्र ठीक करा देंगे।

# गैंगस्टर में निरुद्ध अर्जुन कर्णवाल व शुभम गिरफ़्तार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** फिल्म अभिनेता मुश्ताक मोहम्मद खान का अपहरण कर फिरौती वसूलने के सनसनीखेज मामले में शामिल 10 आरोपियों को थाना शहर कोतवाली बिजनौर ने गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को कल गिरफ्तार कर लिया।

उल्लेखनीय है कि गत 12 फरवरी को बिजनौर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने फिल्म अभिनेता मुश्ताक मोहम्मद खान का अपहरण कर फिरौती वसूलने में शामिल पूर्व सभासद सार्थक उर्फ रिक्की चौधरी सहित गिरोह के 10 सदस्यों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार यह गिरोह संगठित तरीके से गंभीर अपराध कर आर्थिक लाभ कमाने का प्रयास कर रहा था। आरोप है कि कई युवकों ने मिलकर संगठित गिरोह बनाया और अपहरण जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम देकर समाज में भय और आतंक का माहौल पैदा किया। रविवार को शहर कोतवाली पुलिस ने गिरोह से जुड़े दो सदस्यों अर्जुन कर्णवाल पुत्र रवि निवासी मोहल्ला बुल्ला का चौराहा, बिजनौर तथा शुभम पुत्र राकेश निवासी मोहल्ला चमरपेड़ा, बिजनौर को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अर्जुन कर्णवाल के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें मारपीट, जानलेवा हमला, शस्त्र अधिनियम तथा अन्य गंभीर धाराओं के मामले शामिल हैं। शहर कोतवाल रामप्रताप का कहना है कि मामले की जांच जारी है। गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि इस गिरोह ने 20 नवम्बर 2024 को इवेंट के नाम पर फिल्म अभिनेता मुश्ताक खान को बिजनौर बुलाया और उन्हें बंधक बनाकर धन वसूली की थी। जबकि बाद में 2 दिसम्बर को हास्य कलाकार सुनील पाल का फिल्मी अंदाज में अपहरण कर उनसे भी अवैध वसूली की गई थी।

## इन पर लगा गैंगस्टर एक्ट

**शहर कोतवाल रामप्रताप सिंह गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध आरोपियों में सार्थक उर्फ रिक्की निवासी रम्मू का चौराहा, बिजनौर लवी उर्फ सुशांत उर्फ हिमांशु निवासी नई बस्ती बिजनौर, अंकित उर्फ पहाड़ी निवासी राम का चौराहा, अर्जुन कर्णवाल निवासी बुल्ला का चौराहा, अजीम अहमद निवासी मोहल्ला कस्साबान, शहाबुददीन उर्फ सेबी निवासी मोहल्ला अचारजान, शुभम व शिवा निवासी चमरपेड़ा तथा गाजियाबाद के जनकपुर निवासी शशांक शामिल हैं। ये सभी आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिये संगठित रूप से गिरोह बनाकर अपहरण और फिरौती जैसे अपराधों में लिप्त हैं।**

# विधायक हाजी तसलीम अहमद ने रमजान में दिया ईद का तोहफा

## बाईपास सहित 12 सड़कों के निर्माण को शासन से दिलाई स्वीकृति



सड़क निर्माण का स्वीकृति पत्र दिखाते विधायक हाजी तसलीम अहमद।

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्रीय विधायक हाजी तसलीम अहमद के प्रयास से जल्दी ही हरिद्वार बाईपास का फोरलेन के रूप में निर्माण होगा। विधायक ने बाईपास मार्ग के निर्माण को शासन से मंजूरी दिला दी है। विधायक ने रविवार को दोपहर हरिद्वार बाईपास पर मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि वह शहरवासियों की मांग को देखते हुए नजीबाबाद हरिद्वार बाईपास खस्ताहाल मार्ग के निर्माण के लिए पिछले करीब 1 साल से प्रयासरत थे। यह मामला उन्होंने सदन में भी उठाया था। साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से भी कई बार मुलाकात कर उन्हें पत्र सौंप थे। विधायक ने बताया कि उनके प्रयास से नजीबाबाद हरिद्वार बाईपास का आजाद चौक से हरिद्वार रोड पर फव्वारा चौक तक फोर लाइन के रूप में सौंदर्य करण के साथ जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए शासन से मंजूरी मिलने के बाद करीब 16 करोड 14 लाख रुपए का बजट भी स्वीकृत हो चुका है। विधायक हाजी तसलीम अहमद ने बताया कि यह उनकी तरफ से शहर वासियों के लिए रमजान में ईद का तोहफा है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग का फोर लेन के रूप में लोक निर्माण विभाग जल्दी ही निर्माण शुरू कर देगा। मार्ग पर बीच में बनने वाले डिवाइडर पर उनकी निधि से पथ प्रकाश की व्यवस्था को हाई मास्ट लाइटें लगाई जाएगी। जिससे हरिद्वार बाईपास पर कॉलोनी में रहने वाले लोगों, खासकर नई जजी में आने वाले अधिवक्ताओं तथा इधर से गुजरने वाले वाहन चालकों को धूल भरी सड़क की परेशानी से पूरी तरह से निजात मिल जायेगी। विधायक हाजी तसलीम अहमद ने बताया कि उनके प्रयास से नजीबाबाद का विकास कार्य लगातार जारी है। बड़िया में मालन नदी के पुल सहित 12 सड़कों के उनके द्वारा शासन को भेजे गये प्रस्ताव स्वीकृत हो गये है। इसके लिए शहर वासी बधाई के पात्र है। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कसीम अहमद एडवोकेट, जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद रफी, कल्हेड़ी के प्रधान मौ. जाकिर, सपा नगर अध्यक्ष फरहान खान, पूर्व प्रधान जाहिद अंसारी, नवाब अहमद एडवोकेट, अनवर खान मंसूब, नईम मकरानी, नसीम अहमद, मौ. परवेज, इंजीनियर शादाब हैदर सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### 16 करोड़ से होगा बाईपास का निर्माण, 5 करोड़ से बनेगा बड़िया पुल

# अनियंत्रित कार की चपेट में आकर पिता-पुत्री सहित तीन लोगों की मौत

## गढ़मलपुर फ्लाईओवर पर हुआ हादसा, दो लोग घायल



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** रायपुर मार्ग पर बीती शाम गढ़मलपुर फ्लाईओवर से उतरते समय अचानक एक कार के अनियंत्रित होकर ई रिक्शा व बाइक से टकराने एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार की शाम नजीबाबाद के रायपुर सादात मार्ग पर भारत गैस गोदाम के समीप भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की दर्दनाक मौत होने व कई लोगों के घायल होने से कोहराम मच गया। दुर्घटना के बाद कार पलटती हुई दूर जाकर गिरी। इस दुर्घटना में बाइक व ई-रिक्शा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही नजीबाबाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भेजा, जबकि मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर सील कर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। पुलिस के अनुसार कार को मंडावली थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी 30 वर्षीय राजकुमार चला रहा था, जिसकी दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं इस भीषण हादसे में बाइक पर सवार बढ़ापुर निवासी 45 वर्षीय राजू व उसकी बेटी 25 वर्षीय अंशु की भी दुखद मौत हो गई। जबकि ई रिक्शा चालक नगीना देहात थाना क्षेत्र के कोटकादर निवासी धर्म सिंह व एक अन्य सवारी घायल हो गई जिनको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर जाम खुलवाया। इस घटना से मृतकों के परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात करते सपा के पूर्व चेयरमैन मेराज अहमद

## साहनपुर के पूर्व चेयरमैन मेराज अहमद ने अखिलेश यादव से की मुलाकात

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर पंचायत साहनपुर के पूर्व चेयरमैन एवं सपा नेता मेराज अहमद ने लखनऊ पहुंचकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर उनसे नजीबाबाद विधानसभा चुनावों के बारे में सियासी बातचीत की। बताया जाता है कि नजीबाबाद विधानसभा से मेराज अहमद मजबूत प्रत्याशी हो सकते है।**


### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मकान मय चबूतरा पश्चिम सामना स्थित मौ. मुनीर गंज नजीबाबाद के विभाजन हेतु व निषेधाज्ञा हेतु वाद सं. 54/2024 शाहिद बनाम शाकिर व फैजान आदि न्यायालय सिविल जज जू.डि. नजीबाबाद में विचाराधीन है। कोई व्यक्ति उक्त मकान अथवा मकान का कोई भाग मुकदमे के दौरान शाकिर व फैजान आदि से ना क्रय करे। परिणाम का क्रेता स्वयं जिम्मेदार होगा।

**-शाहिद पुत्र स्व. गुलाम रसूल**
**निवासी मौ. मुनीर गंज**
**नजीबाबाद जिला बिजनौर**


## मंडावली पुलिस ने मोबाइल छीनने वाले तीन अभियुक्त पकड़े



पकड़े गये अभियुक्त पुलिस टीम के साथ।

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर सैद उर्फ भूड्डी निवासी दीपांशु राणा पुत्र प्रीतम सिंह ने 16 फरवरी को मंडावली थाने में तहरीर देते हुए बताया था कि बाइक पर सवार तीन अज्ञात व्यक्ति उसका मोबाइल छीन कर भाग गए है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए 22 फरवरी को फरहान पुत्र मोहम्मद शाहिद, सरवेज पुत्र मोहम्मद वसीम, दानिश पुत्र जिकरिया मोहल्ला लुकमान थाना किरतपुर को छीने गए मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार के साथ पुलिस टीम में एसआई दयानंद कुमार, एसआई महेश चन्द, हैड कांस्टेबल कृष्ण कुमार, राहुल वर्मा, कांस्टेबल इमरान, राहुल कुमार शामिल रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में दानिश पर पूर्व में मंडावली व किरतपुर थाने में मुकदमे दर्ज है। तीनों अभियुक्त का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया हैं।

# खेत से काम कर लौट रहा था किसान
# सड़क हादसे में गई जान

**स्योहारा ( चिंगारी )।** खेत से काम कर लौट रहे एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। रविवार को देर नवादा चुंगी निवासी कुलदीप (46 वर्ष) पुत्र दीनदयाल, अपने खेत को पानी देने गए थे। जब वह अपनी बाइक से वापस घर लौट रहे थे, तभी नल तिराहा के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कुलदीप सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा ले जाया गया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। हालांकि सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने खंगालने शुरू कर दिए है।

## 5 साल की आयजा ने भी रोजा रखा



**बरूकी ( चिंगारी )।** पवित्र रमज़ान माह में गांव बरूकी निवासी 5 वर्षीय आयजा पुत्री मोहम्मद सलमान ने अपना पहला रोज़ा रखकर मिसाल पेश की। छोटी सी उम्र में रोज़ा रखकर बच्ची ने परिवार और मोहल्लवालों का दिल जीत लिया रोज़ा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि आत्मसंयम, सहानुभूति और तक़्वा का संदेश देता है। आयजा के रोज़ा रखने पर परिवार में खुशी का माहौल रहा और सभी ने उसका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर देश में शांति, अमन और भाईचारे की दुआ की गई। मोहल्ले के लोगों ने बच्ची की हिम्मत की सराहना करते हुए नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# इतनी धीमी गति से सड़क को उखाड़ा जायेगा तो बनेगी कब?



**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्रामीणों ने चांदपुर बास्टा मार्ग का निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से किये जाने पर रोष जताते हुए सड़क निर्माण में तेजी लाते जाने की मांग की है। दरअसल, पिछले लगभग 10 दिनों से सड़क उखाड़ने का कार्य किया जा रहा है। सड़क तोड़ने के लिए केवल एक जेसीबी मशीन लगाई गई है। जिसके कारण अभी बहुत थोड़ी सड़क टूट पाई है। ग्रामीणों राकेश कुमार, अनिल कुमार, इदरीस अहमद,मौ. साजिद, शफीक अहमद, रोहिताश सिंह, रामकिशन सिंह, उदयराज सिंह, आदि ने सड़क का निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से किये जाने पर रोष जताते हुए सड़क तोड़ने के लिए जेसीबी बढ़ाये जाने तथा सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र से शीघ्र पूरा कराये जाने की मांग है, ताकि उधर से गुजरने वालों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

# मौजूदा सरकार को किसानों की परवाह नहीं : राकेश टिकैत

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि मौजूदा सरकार को किसानों, मजदूरों व छोटे व्यापारियों की कतई परवाह नहीं है, वर्तमान में पूंजीवाद का बोलबाला है। अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम मुरलीवाला में एक निजी कार्यक्रम में आए राकेश टिकैत ने चिंगारी के स्थानीय प्रतिनिधि एसएम असलम से बातचीत के दौरान कहा कि मौजूदा सरकार किसान विरोधी है, जो किसानों की समस्या पर कोई गौर नहीं कर रही है। उन्होंने वर्तमान में चल रहे एसआईआर में धांधली की शिकायतों पर भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि इत्तेफाक से किसी का वोट कट जाए तो अलग बात, मगर साजिशन किसी का वोट कटवाया जाए तो गलत है। उन्होंने कहा कि यदि मतदाताओं के साथ नाइंसाफी की गई तो हम उन साजिशों के खिलाफ आवाज उठाएंगे। उन्होंने किसानों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाए रखने का आहवान किया और किसानों का आह्वान किया कि संगठित रहो, इसी में भलाई है अन्यथा बढ़ता पूंजीवाद किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों के लिए खतरे से खाली नहीं है। इस मौके पर राकेश टिकैत के साथ प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे।




## बेटे को बचाने आये पिता पर कुत्तों ने किया हमला

**मंडावर ( चिंगारी )।** कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे लोग दहशत में हैं। कस्बे के एक मोहल्ले में कुत्तों के झुंड ने एक बच्चे को ने घेर लिया। शोर मचाने पर बच्चे के पिता उसे बचाने पहुंचे तो इसी दौरान कुत्ते ने उन पर हमला कर घायल कर दिया। शनिवार शाम मोहल्ला फराशटोली निवासी वकार अहमद अपने बेटे मोहम्मद जैन को किराना स्टोर से खाने का कुछ सामान दिलाने जा रहे थे। अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने बच्चे पर हमला कर दिया। वकार बेटे को बचाते हुए कुत्तों से जा भिड़े। इस दौरान एक आवारा कुत्ते ने वकार पर हमला कर लहूलहान कर दिया। 108 एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल मंडावर में जाकर अपना उपचार कराया। नगर पंचायत द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए पूर्व में अभियान चलाया था, लेकिन अभी तक इसका कोई खास परिणाम नहीं दिखा है। कस्बे के लोग दहशत में है । लोगों ने नगर पंचायत से आवारा कुत्तों की समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की है।

# केंद्रीय बजट पर चौपाल में हुई चर्चा



**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम धनौरी में भाजपा द्वारा केंद्रीय बजट 2026 विषय पर आयोजित चौपाल कार्यक्रम मे बजट को आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का महत्वपूर्ण कदम बताया। चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ओमकुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट किसानो, युवाओं, महिलाओं, गरीबों व मध्यम वर्ग के उत्थान के लिए है। उन्होंने जनकल्याणकारी प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हल्दौर पीयूष चौहान, अतुल मारवाड़ी, तिलकराज सैनी (जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा), राकेश प्रधान जी अध्यक्ष भूमि विकास बैंक हल्दौर, नरेश कुमार चेयरमैन, ब्रजवीर चौधरी,दर्पण रावल,वरुण प्रताप सिंह 'हनी' प्रधान, रामकुवर प्रधान, दारा चौधरी, फकीरचंद, सुखवीर सिंह आदि ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना गया



**नहटौर ( चिंगारी )। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 131वें संस्करण को बूथ संख्या 150 फतेहपुर में सुना गया। इस अवसर पर विधायक ओमकुमार, मुनीष त्यागी, बीजेपी पिछडा मोर्चा जिलाध्यक्ष तिलक राज सैनी, नेपाल सिंह बालापुर, संजीव त्यागी पूर्व मंडलाध्यक्ष, दिव्यांशु दहिया, चमन दहिया, बीरेन्द्र प्रधान आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।**

# प्राचीन शिव मंदिर का 1.17 करोड़ से होगा कायाकल्प
## पर्यटन विभाग संवारेगा फतेहपुर स्थित प्राचीन मंदिर की सूरत

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम फतेहपुर स्थित प्राचीन श्री शिव मंदिर अब और अधिक भव्य रूप में नजर आएगा। पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर के सौंदर्यीकरण और नए भवन निर्माण के लिए करीब 1.17 करोड़ रुपये खर्च करेगा। विधायक ओमकुमार ने ग्रामीणों की उपस्थिति में

### विधायक ओम कुमार ने किया शिलान्यास

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन कर परियोजना का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि इससे धार्मिक पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। रविवार को शिलान्यास समारोह के दौरान पंडित मयंक शर्मा द्वारा संपन्न कराए गए हवन-पूजन के बाद विधायक ओम कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इससे सांस्कृतिक पहचान सशक्त होगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। भाजपा नेता पुष्पेंद्र त्यागी ने जानकारी दी कि पर्यटन विभाग इस पूरे कार्य पर 1 करोड़ 17 लाख रुपये की धनराशि खर्च करेगा। इस अवसर पर अशोक त्यागी, मुनीश त्यागी, शरद त्यागी, उदयवीर प्रधान,वैभव गोयल, पुष्पेंद्र त्यागी, सौरभ त्यागी, समीर त्यागी, अर्जुन त्यागी, तिलकराज सैनी, संजीव त्यागी, विनिल त्यागी, करन चौधरी, गौरव चौहान, वीरेंद्र प्रधान, कपिल त्यागी, अनु त्यागी, उदित चौधरी, उदयवीर सिंह प्रधान सीकरी, विपिन त्यागी महमूदपुर, सुधीर तन्हा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



# स्कूल में हुई विज्ञान प्रदर्शनी व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता


प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए डॉक्टर एनपी सिंह।

**धामपुर (चिंगारी)। दुर्गा पब्लिक स्कूल में आज विज्ञान प्रदर्शनी एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में सामान्य ज्ञान, कंप्यूटर, विज्ञान, गणित आदि का प्रदर्शन किया गया।**

प्रतियोगिता का शुभारंभ हिंदू युवावाहिनी के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष डॉ. एन. पी. सिंह एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के अध्यक्ष डी. एस. चौहान ने सयुक्त रूप से फीता काटकर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल की कॉर्डिनेटर नंदिनी रानी के संचालन में कार्यक्रम में लगभग 100 बच्चों ने फैंसी ड्रेस शो में प्रतिभाग किया। राजस्थानी, हरियाणवी, गुजराती, पंजाबी व उत्तर प्रदेश की झांकी देखने के लिए मिली। इस मौके पर डॉ. एन. पी. सिंह ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है। डी. एस. चौहान ने कहा कि बच्चे हमारे देश के अनमोल सितारे हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य भूपेन्द्र चौहान ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कुंवर आशीष राजपूत, कुंवर अनिल राजपूत, महाविश पजेतन आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरुण शर्मा, रोमियो मयूर, गरिमा भारद्वाज, अदिति शर्मा, आरती शर्मा, निरुपमा रानी, आरती, अमन, जितेंद्र गौरव, शोभा, आसीया, इकरा, संगीता, सिमरन, प्रभा शर्मा, काजल आदि का विशेष सहयोग रहा।

# डॉ. अजय कुमार ने क्षेत्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन में किया रेडियो संदेश बिजनौर का प्रतिनिधित्व

**बिजनौर (चिंगारी)।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय व इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन के संयुक्त तत्वावधान में 19 एवं 20 फरवरी को चंडीगढ़ में क्षेत्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन (उत्तर) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौर (कुलपति, आईआईएमसी), श्री एल. मधु नाग (रजिस्ट्रार, आईआईएमसी) एवं श्रीमती शिल्पा राव (निदेशक, सीआरएस) ने सामुदायिक रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के दौरान सरल संचार पोर्टल विषय पर तकनीकी सत्र आयोजित किया गया तथा सीबीसी द्वारा विज्ञापन एवं एम्पैनलमेंट प्रक्रिया संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर डॉ. अजय कुमार, स्टेशन हेड, रेडियो संदेश बिजनौर ने सम्मेलन में सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने रेडियो स्टेशन का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने विभिन्न सत्रों में भाग लेकर सामुदायिक प्रसारण को सशक्त बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा नेटवर्किंग को मजबूत करने पर विचार साझा किए। सम्मेलन में उत्तर भारत के विभिन्न सामुदायिक रेडियो केंद्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।




# शिवर में मनाया योगाभ्यास दिवस



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र के अजुपुरा जट में एसपी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिवस स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास कर लोगों को योग से होने वाले लाभ से अवगत कराया। इस दौरान एक जनजागरण रैली भी निकाली गई। महाविद्यालय प्रबंधक राहुल बंसल ने बताया कि आजकल के खान-पान और दिनचर्या से गंभीर बीमारियां हमारे शरीर को घेर लेती हैं, जिस पर नियमित योग से बहुत हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कम से कम आधा घंटा रोज नियमित योग करने के लिए सभी का आह्वान किया। आर्यन, मोहित, रेनू, बबीता, हिमानी, राहुल गौतम आदि स्वयंसेवकों ने भी योग के प्रति लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंबिका बंसल के साथ-साथ कपिल शर्मा, जितेंद्र सिंह, संदीप कुमार, संगीता सिंह, आसिफ मंसूरी, गुरदीप सिंह, देव मौर्य आदि का विशेष योगदान रहा।

चिंगारी खबर सबसे पहले असर सबसे ज़्यादा




# पोक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ़्तार


पुलिस ने पोक्सो एक्ट के आरोपी का चालान कर दिया।

**नूरपुर (चिंगारी)।** करीब एक माह पूर्व एक युवक ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कस्बा धामपुर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी युवक मोहसिन उसकी नाबालिग बहन को बहला-फुसला कर ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। किशोरी की बरामदगी को लेकर थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया ने उपनिरीक्षक रजत राणा के नेतृत्व में टीम गठित कर दी थी। पुलिस टीम ने शनिवार की शाम किशोरी को गुजरात के गांधी नगर से बरामद करते हुए युवक को भी गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया ने आरोपी के चालान की पुष्टि की है।

## मंगलमय हो मिलन तुम्हारा...

# मोहित शर्मा संग अनु शर्मा


नवदम्पति को आशीर्वाद देते हुए विधायक ओमकुमार।

**नहटौर (चिंगारी)।** 'चिंगारी' संवाददाता मौहल्ला जोशियान निवासी मोहित शर्मा पुत्र श्री महेन्द्र शर्मा का विवाह झालू के मोहल्ला जोशियान निवासी श्री बालेश शर्मा की पुत्री आयु. अनु शर्मा के साथ शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। शनिवार की रात्रि को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के पास आयोजित आशीर्वाद समारोह में विधायक ओमकुमार सहित विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधियों, जन प्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं सम्भ्रान्त लोगों, प्रशासनिक अधिकारियों ने नव जोड़े को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मोहित शर्मा के पिता महेंद्र शर्मा, मा. राकेश कुमार शर्मा, बालेश कुमार शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, निपेन्द्र कुमार शर्मा, सुरेंद्र कुमार शर्मा, मनोज कुमार शर्मा आदि ने आने वाले मेहमानों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

# वरिष्ठ नागरिकों ने की रेल किराये में पूर्व की भांति छूट की मांग

## एसडीएम को दया राज्यपाल के नाम ज्ञापन

**धामपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश वरिष्ठ नागरिक महासमिति (पंजीकृत) की शाखा टीचर कॉलोनी धामपुर ने जिला अध्यक्ष धर्मेश कुमार के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में छूट दिये जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी धामपुर सुश्री स्मृति मिश्रा को दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली रेलवे सुविधा के अंतर्गत 40 प्रतिशत पुरुष एवं 60 प्रतिशत महिलाओं को किराए में छूट दी जाती रही है। अब इसके बंद होने के कारण सभी वरिष्ठ नागरिक को भारी आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ नागरिक इस छूट के लिए अपनी मांग काफी दिनों से कर रहे हैं। उप जिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को भरोसा दिया कि यह प्रति वेदन माननीय राष्ट्रपति जी को भेज दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मेश कुमार, महामंत्री शिव कुमार, उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता नंदा, सरकडा शाखा के अध्यक्ष ओम प्रकाश, आकू शाखा के अध्यक्ष रामस्वरूप, जैतरा शाखा के अध्यक्ष ठाकुर सिंह, रानी बाग शाखा के अध्यक्ष जगदीश सिंह सुरेंद्र सिंह, मंगू सिंह, टीकम सिंह फौजी, डॉक्टर राजेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह, जय नंदन सिंह गहलौत, विनोद चांदना, हरिप्रसाद आदि वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।


उप जिला अधिकारी को ज्ञापन देते हुए वरिष्ठ नागरिक।

# बेस्ट वेस्टर्न प्रिंस होटल में हर वर्ग की सामर्थ्य के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध हैं- राणा





**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुरादाबाद रोड पर गोल चौराहे पर स्थित फाइव स्टार होटल बेस्ट वेस्टर्न प्रिंस आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। होटल की ग्रांड ओपनिंग 11 फरवरी को बड़ी धूमधाम के साथ हुई थी। होटल अपनी खूबसूरती और सुविधाओं के लिये विख्यात हो रहा है। मैनेजर ओपी राणा ने बताया कि होटल में सभी वर्गों के लिये सुविधाएं उपलब्ध हैं। टैरिफ इस ढंग से निर्धारित किया गया है कि आम और खास, होटल की सुविधाएं दोनों के लिये सुलभ हो। होटल के रूम्स से लेकर रेस्टोरेंट का मेन्यू सभी वर्गों की सामर्थ्य और पहुंच को ध्यान में रखकर बनाया गया है। होटल में विवाह शादियों व अन्य कार्यक्रमों के लिये भव्य बैंकेट की व्यवस्था है तथा डेस्टिनेशन शादी के लिये अनुकूल वातावरण और सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद हैं।

## पूल साइट पर हर शनिवार संगीत का कार्यक्रम

**मैनेजर ओपी राणा ने बताया कि होटल में पुल साइट पर प्रत्येक शनिवार को सायं 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक लाइव सिंगिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जहां प्रसिद्ध सिंगर/ कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हैं। होटल में वेज और नॉनवेज दोनों प्रकार का भोजन 24 घंटे उपलब्ध है। श्री राणा ने कहा कि होटल में सभी सुविधाएं आम व खास दोनों के लिये सुलभ हैं।**


# संत निरंकारी मंडल के महिला-पुरुषों ने की बैराज गंगा घाट पर सफाई



बिजनौर (चिंगारी)। संत निरंकारी मंडल शाखा बिजनौर के तत्वावधान में भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय के कार्यक्रम अमृत स्वच्छ जल- स्वच्छ मन के तहत चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गंगा बैराज घाट पर सफाई की गई।संत निरंकारी मंडल महिला-पुरुषों ने अनुशासन,लगन और मेहनत से इस पुनीत कार्य में अहम योगदान दिया।संत निरंकारी मंडल ब्रांच बिजनौर के महात्मा सुरेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में यह विशाल सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि बाबा हरदेव सिंह महाराज के जन्मदिन के उपलक्ष में यह सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि बाबा हरदेव सिंह महाराज का कहना था कि प्रदूषण अंदर हो या बाहर हानिकारक है। हमें तन के साथ-साथ ल्मन की सफाई भी करते रहना चाहिए।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप



बिजनौर (चिंगारी)। समीपवर्ती ग्राम अलावलपुर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के 3 माह की एक मासूम बच्ची है। परिजनों ने ससुरालवालों पर गला दबाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना से गांव में सनसनी फैल गई।

ग्राम खतापुर निवासी ब्रह्मपाल सिंह की पुत्री काजल का विवाह करीब डेढ़ साल पहले ग्राम अलावलपुर में गौरव से हुआ था। गौरव फायर ब्रिगेड में कार्यरत है। वर्तमान में उसकी तैनाती लखनऊ में है। मृतका के पिता बृह्मपाल सिंह ने बताया कि काजल मायके में थी। तीन दिन पहले गौरव उसे लेकर गया था। काजल के 3 माह की एक मासूम बच्ची भी है। ब्रह्मपाल ने रोते हुए बताया कि उन्हें काजल की अचानक मौत हो जाने की खबर मिली। ब्रह्मपाल सिंह का आरोप है कि उनकी बेटी की ससुराल वालों ने गला दबाकर हत्या की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि काजल की मृत्यु का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# परिवार के साथ रोज़े रख रहा छह साल का अब्दुल करीम



**नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर के मौहल्ला दरोदग्रान निवासी रेडिमेड व्यापारी सलीम अहमद का छह वर्षीय पुत्र अब्दुल करीम इतनी कम आयु में परिजनों के साथ दो दिन से रोजा रख रहा है। अब्दुल करीम ने रोजा रखने के साथ नमाज पढ़कर अल्लाह से मुल्क के अमनो-अमान की दुआ की। अब्दुल करीम मरहूम व्यापारी नेता नईम टाटा का भतीजा है, जो नगर के अल फलाह स्कूल में पढ़ता है।**

# एसआईआर अभियान में कांग्रेस नेता ने किया सहयोग

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के आचार्य आर एन केला इंटर कॉलेज में रविवार को चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मतदाताओं को एसआईआर के नोटिस दिये जाने के साथ काफी मतदाताओं के पूर्व में भेजे गये नोटिसों के जवाब व साक्ष्य जमा किये गये। इस कार्य में कांग्रेस के नगर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी का सहयोग रहा। इस मौके पर बीएलओ सलमा, ओमवती, सुनीता रानी, गुलिस्ता, मुनेश कुमार, आमिर अली, जितेंद्र, बिजेंद्र मौजूद रहे।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।




एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है

आवश्यकता है-

मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक

मो. 9119766026

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# शक्ति और संस्कार से होगा समाज परिवर्तन : मोहन भागवत





**देहरादून ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'संघ यात्रा : नये क्षितिज, नये आयाम' विषय पर प्रमुख जन गोष्ठी एवं विविध क्षेत्र समन्वित संवाद का आयोजन हिमालयन कल्चरल सेंटर के सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन विभाग प्रचार प्रमुख गजेन्द्र खंडूड़ी ने किया।

प्रांत कार्यवाह दिनेश सेमवाल ने अपने प्रारंभिक संबोधन में संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत उत्तराखंड में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों विजयदशमी पर पथ संचलन, घोष संचलन, व्यापक गृह संपर्क अभियान, परिवारों में प्रत्यक्ष संपर्क तथा हिंदू सम्मेलनों की जानकारी दी तथा आगामी योजनाओं का भी विस्तार से उल्लेख किया।

सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि संघ को बाहर से देखकर उसकी वास्तविकता को नहीं समझा जा सकता। पथ संचलन देखकर कुछ लोग उसे अर्धसैनिक संगठन समझ लेते हैं, राष्ट्रप्रेम के गीत सुनकर संगीत मंडली मान लेते हैं, सेवा कार्य देखकर सेवा क्षेत्र का संगठन समझ लेते हैं, किंतु संघ इन सीमाओं से परे एक व्यापक सामाजिक शक्ति है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे चीनी की मिठास को जानने के लिए उसे चखना पड़ता है, वैसे ही संघ को समझने के लिए संघ के कार्य में आना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ का किसी संगठन से प्रतिस्पर्धा नहीं है। संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण है, क्योंकि सशक्त व्यक्ति से ही सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है। संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन का उल्लेख करते हुए भागवत जी ने कहा कि वे जन्मजात देशभक्त और विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। बाल्यकाल में महारानी विक्टोरिया के जन्मदिवस पर विद्यालय में वितरित मिठाई लेने से उन्होंने यह कहकर इंकार कर दिया था कि वे अपने देश पर शासन करने वाले के उत्सव में भाग नहीं लेंगे।

### तकनीक और संस्कार

डिजिटल युग पर उन्होंने कहा कि तकनीक साधन है, साध्य नहीं। उसका उपयोग संयम और अनुशासन से होना चाहिए। परिवार में आत्मीयता और समय देना आवश्यक है, तकनीक के लिए मनुष्य की बलि नहीं चढ़ाई जा सकती।

### सांस्कृतिक पहचान और शक्ति

उन्होंने कहा कि जो जोड़ने का कार्य करे वही हिंदू है। मातृभूमि के प्रति भक्ति अनिवार्य है। विश्व सत्य से अधिक शक्ति को समझता है, इसलिए शक्ति अर्जित करना आवश्यक है, किंतु उसका उपयोग मर्यादित होना चाहिए।

### महिलाओं की भूमिका

भागवत ने कहा कि महिलाएं पूर्णत: स्वतंत्र हैं। देश संचालन में उनकी भागीदारी 33 प्रतिशत ही नहीं, 50 प्रतिशत तक होनी चाहिए। प्रतिबंध काल में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### राजनीति और जनसंख्या

उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ हिंदुत्व की राजनीति नहीं करता, बल्कि व्यक्ति निर्माण के माध्यम से समाज उत्थान का कार्य करता है। भ्रष्टाचार मन से प्रारंभ होता है और वहीं समाप्त किया जा सकता है। जनसंख्या को उन्होंने बोझ और संसाधन दोनों दृष्टियों से देखने की आवश्यकता बताई तथा समान रूप से लागू होने वाली विचारपूर्ण नीति पर बल दिया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद्, उद्योगजगत से जुड़े प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ।

## फर्जी अश्लील वीडियो बनाकर लोगों से रुपये ऐंठने वाला तमिलनाडु में ट्रक चलाता मिला

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने फर्जी अश्लील वीडियो बनाकर लोगों से पैसों की उगाही करने वाले पांच हजार रुपये के इनामी व फरार आरोपी को तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया है। मामले में एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 मई 2024 को स्थानीय निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देकर उनसे लगभग साढ़े तीन लाख रुपये की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए तफ्तीश आरंभ कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा मामले के एक आरोपी गुरूदासपुर (पंजाब) निवासी पवन को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई थी, लेकिन एक अन्य आरोपी रुक्कू लंबे समय से फरार चल रहा था और अपने ठिकाने बदलते हुए गिरफ्तारी से बच रहा था। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी की ओर से उस पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के निर्देश पर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए गठित पुलिस टीम को सर्विलांस, मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग, डेटा विश्लेषण एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक इनपुट्स के आधार पर आरोपी की लोकेशन तमिलनाडु में मिली, जिस पर पुलिस टीम ने तमिलनाडु पुलिस से संपर्क व तालमेल बैठाकर आरोपी रुक्कू (27 वर्ष) पुत्र शमशू, निवासी एंचवाडी, पुन्हानो, जिला नूह, मेवात (हरियाणा) को तमिनाडु से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मूल रूप से मेवात (हरियाणा) का रहने वाला है और पेशे से ट्रक चालक है। वह सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से संपर्क कर अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देता था तथा कभी स्वयं को पुलिस या साइबर सेल अधिकारी बताकर धन उगाही करता था। इस संबंध में उसके एवं उसके भाई के विरुद्ध दिल्ली में मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें दोनों लगभग एक माह तिहाड़ जेल में रहे। जेल से छूटने के बाद आर्थिक दबाव के चलते उसने मई 2024 में उत्तराखण्ड निवासी एक व्यक्ति से न्यूड वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगभग साढ़े तीन लाख रुपये वसूल किये तथा कोटद्वार में मुकदमा दर्ज होने की जानकारी पर उसने मोबाइल व सिम नष्ट कर दिए और गिरफ्तारी से बचने हेतु तमिलनाडु जाकर ट्रक चालक के रूप में कार्य करने लगा।

## देहरादून में शिक्षा निदेशक पर हमले के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला



कोटद्वार के झंडाचौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ किया प्रदर्शन।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** देहरादून स्थित शिक्षा निदेशालय में शिक्षा निदेशक अजय कुमार नौडियाल के साथ हुई मारपीट और जानलेवा हमले की घटना के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने झंडा चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते हुए भाजपा शासन में लगातार बढ़ रही गुंडागर्दी व बिगड़ती कानून व्यवस्था पर तीखा आक्रोश व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि एक प्रतिष्ठित प्रशासनिक अधिकारी के साथ उसके ही कार्यालय में इस प्रकार की मारपीट और जानलेवा हमला अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मसार करने वाली घटना है। यह साफ दर्शाता है कि सत्ता के संरक्षण में कुछ लोग स्वयं को कानून और संविधान से ऊपर समझने लगे हैं। यह घटना सरकार, शासन और प्रशासन–तीनों की पूर्ण विफलता को उजागर करती है। किसी विधायक अथवा उसके समर्थकों द्वारा एक प्रशासनिक अधिकारी के साथ इस तरह की अभद्रता लोकतंत्र के लिए बेहद चिंताजनक संकेत है। यह घटना इस बात को भी दर्शाती है कि शासन और प्रशासन के बीच कोई तालमेल नहीं बचा है। ऐसी घटनाएं प्रदेश की छवि को धूमिल करती हैं और आम नागरिकों का कानून से विश्वास डगमगाती हैं। कहा कि भाजपा शासन में उत्तराखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आज न तो अधिकारी सुरक्षित हैं और न ही आम नागरिक। वक्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की, साथ ही दोषी विधायक उमेश शर्मा काऊ और उनके समर्थकों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई करने व सख्त सजा की मांग उठाई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया।

पुतला दहन करने वालों में महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष संजय मित्तल, प्रवीन रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. चंद्रमोहन खर्कवाल, विजय नारायण, महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुधा असवाल, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, विनीता भारती, सुनील सेमवाल और सूरज कांति सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में हुई मारपीट पर शिक्षकों में रोष

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय देहरादून में निदेशक प्रारंभिक शिक्षा अजय कुमार नौडियाल व कार्यालय के कर्मचारियों के साथ भाजपा विधायक की मौजूदगी में उनके समर्थकों के द्वारा की गई मारपीट व अभद्र व्यवहार तथा कार्यालय में तोड़फोड़ करने पर राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने भी रोष व्यक्त किया है। इस संबंध में मंडलीय अध्यक्ष जयदीप रावत व मंत्री मनमोहन सिंह चौहान द्वारा संयुक्त रूप से महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा को प्रेषित ज्ञापन में दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि निदेशालय में जो घटना घटी है वह प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के हित में नहीं है। इस कारण प्रदेश का समस्त शिक्षक समाज अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि घटना में शामिल सभी संलिप्त दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई न होने की स्थिति में प्रदेश के समस्त शिक्षक आंदोलन पर बाध्य होंगे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# जाट बेल्ट में सियासी बिसात बिछाने की तैयारी

## मेरठ से मिशन 2027



**मेरठ ( एजेंसी/चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट बहुल इलाके में अपनी राजनीतिक पकड़ को फिर से धार देने के इरादे से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रविवार को मेरठ में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को निर्णायक मोड़ के रूप में देख रही है। माना जा रहा है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले विकास परियोजनाओं के उद्घाटन को राजनीतिक संदेश में बदलकर प्रभावशाली सामाजिक समीकरणों को साधने की रणनीति तैयार की गई है। किसान आंदोलन के बाद पार्टी से दूरी बना चुके जाट मतदाताओं को पुन: साथ लाना इस रैली का अहम लक्ष्य माना जा रहा है। लोकसभा चुनावों में हुए संभावित नुकसान की भरपाई की दृष्टि से भी यह आयोजन महत्वपूर्ण समझा जा रहा है। मंच पर प्रधानमंत्री के साथ जाट नेता एवं कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी की मौजूदगी को इसी व्यापक सामाजिक संतुलन के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली-मेरठ नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो के उदघाटन के बाद मोहिउद्दीनपुर में आयोजित जनसभा को केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं माना जा रहा बल्कि इसे व्यापक मतदाता वर्ग तक सशक्त राजनीतिक संदेश पहुंचाने की रणनीति का हिस्सा समझा जा रहा है, जहां विकास की परियोजनाएं संवाद का माध्यम बनेंगी। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह आयोजन शक्ति-प्रदर्शन का रूप ले सकता है। विकास, राष्ट्रवाद और संगठनात्मक मजबूती को अभियान का केंद्रीय सूत्र बनाया गया है, ताकि मेरठ से उठी आवाज प्रदेश के अन्य जिलों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। भाजपा 'डबल इंजन' सरकार की उपलब्धियों के रूप में मेट्रो और नमो भारत परियोजनाओं को प्रमुखता से रेखांकित कर रही है। पार्टी का दावा है कि बेहतर संपर्क व्यवस्था से शिक्षा, उद्योग और रियल एस्टेट को नई गति मिलेगी। हालांकि विश्लेषकों का मानना है कि विकास के इस विमर्श के समानांतर सामाजिक समीकरणों को साधने की कोशिश भी निहित है। गौरतलब है कि मेरठ प्रधानमंत्री मोदी के चुनावी अभियानों का अहम पड़ाव रहा है। 5 फरवरी 2014 को यहीं से 'शंखनाद रैली' के जरिए लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत हुई थी। इसके बाद 2019 और 2024 में भी चुनावी बिगुल मेरठ से ही फूंका गया, जिसने इस शहर को भाजपा की राजनीतिक रणनीति में विशेष स्थान दिलाया है।


बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन
ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION | UNCONDITIONAL WARRANTY * | COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
*नियम व शर्तें लागू
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
आवश्यकता है- अनुभवी, कुशल युवक की
आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।



BACHPAN

ADMISSIONS OPEN
Address: Shree Dayaram Treaders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall, Bijnor (U.P.)
Mob.: 7455025144
Email Id :- chandpur3678@bachpangbbal.com



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर



आवश्यकता है
Hero
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679



भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना

"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए नि:शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) | Pranab Rajput (M.B.B.S) | Roopali (M.B.B.S) | Vanshika Singh (IIT) | Avantika Rana (M.B.B.S) | Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928